नये जमाने के साथ..

# यश भारत

• वर्ष- 17 अंक 77 • कटनी • गुरुवार, 20 अप्रैल, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • वैशाख मास कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## तुर्की में फिर कांपी धरती, 4 दिन में दूसरी बार आया भूकंप

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की में गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के तेज़ झटके महसूस किए गए. अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (स्त्रस-) ने बताया इस भूकंप का केंद्र तुर्की के सिविरिस शहर के 11 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई है। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 4.14 बजे आया और इसका केंद्र 11.2 किमी की गहराई पर सिवरिस, तुर्की में था. फिलहाल इस भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. इस भूकंप ने इसी साल 6 फरवरी को आए भीषण भूकंप की याद कर दी, जिससे घबराए लोग घरों से बाहर आ गए।

## नरोदा गाम केस में स्पेशल कोर्ट का फैसला आज संभव

**अहमदाबाद, ईएमएस।** साल 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े नरोदा गाम मामले में गुरुवार का दिन अहम है। गुजरात की एक विशेष अदालत नरोदा गाम में मुस्लिम समुदाय के 11 सदस्यों की हत्या के मामले में गुरुवार को निर्णय सुना सकती है। इस मामले के आरोपियों में भाजपा की पूर्व विधायक मायाबेन कोडनानी और बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी भी शामिल हैं। इस मामले में कुल 86 लोगों को आरोपी बनाया गया था। अब तक इनमें से 18 आरोपियों की मौत हो चुकी है। विशेष जांच एजेंसी (एसआईटी) मामलों के विशेष न्यायाधीश एस के बक्शी की अदालत 68 आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाएगी।

# लू से दिल्ली का पूरा तो देश का 90प्रतिशत हिस्सा डेंजर जोन

## 50 सालों में हो चुकीं हैं 17 हजार से ज्यादा मौतें

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लगातार लू खतरनाक होती जा रही है। देश का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा और पूरी दिल्ली लू के प्रभावों के 'खतरे के क्षेत्र' में है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।बता दें, यह अध्ययन कैंब्रिज विश्वविद्यालय में रमित देबनाथ और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि 'लू' ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति को पहले की तुलना में ज्यादा बाधित किया है।

### लू की 700 से ज्यादा घटनाएं

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन द्वारा वैज्ञानिक कमलजीत रे, एसएस रे, आरके गिरि और एपी डिमरी के साथ लिखे गए एक पेपर से पता चलता है कि लू ने भारत में 50 वर्षों में 17 हजार से अधिक लोगों की जान ले ली है। यह पेपर साल 2021 में प्रकाशित हुआ था। इसमें बताया गया कि 1971-



2019 तक देश में लू की 706 घटनाएं हुई हैं।

### मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन बारिश के आसार

राजस्थान और मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन बारिश के आसार हैं। राजस्थान, एमपी, तेलंगाना में कई इलाकों में मंगलवार को तेज हवा के साथ बारिश भी हुई। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हुई है।

### राज्य प्रवासी मजदूरों का खास ध्यान रखें

केंद्र सरकार ने राज्यों से मजदूरों के लिए गर्मी से बचाव के इंतजाम करने के लिए कहा है। इंडस्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन कंपनियों से अपने वर्कर्स को ठंडा पानी, ORS और गर्मी से संबंधित बीमारियों की दवाइयां मुहैया कराने के लिए कहा गया है।

### सबसे गर्म फरवरी इस साल का

1901 के बाद साल 2023 में सबसे गर्म फरवरी का अनुभव किया। हालांकि, मार्च में सामान्य से अधिक बारिश हुई, जिससे तापमान सामान्य रहा। साल 2022 का मार्च अबतक का सबसे गर्म और 121 वर्षों में तीसरा सबसे सूखा वर्ष था। एक रिपोर्ट की माने तो देश में करीब 75 प्रतिशत कर्मचारी यानी लगभग 38 करोड़ लोग गर्मी की वजह से तनाव में रहते हैं। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच सभी खुली सार्वजनिक सभाओं/ रैलियों पर बैन लगा दिया है। यह कदम महाराष्ट्र भूषण अवार्ड समारोह के आयोजन में 14 लोगों की मौत के 3 दिन बाद लिया गया है। लू की यह घटना अबतक की सबसे बड़ी दर्दनाक घटनाओं में से एक है।



### चारधाम सहित हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी, 22 अप्रैल से खुलेंगे कपाट

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के कारण लोगों को आग बरसाने वाली गर्मी से काफी राहत मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बीते 24 घंटे में अच्छी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तरखंड के गढ़वाल मंडल में बुधवार रात से वर्षा का क्रम जारी है और इस कारण से यातायात भी प्रभावित हुआ है।

# साल 2023 का पहला हाइब्रिड सूर्य ग्रहण



**नई दिल्ली, एजेंसी। साल का पहला सूर्यग्रहण गुरुवार 20 अप्रैल को भारतीय समयानुसार सुबह 7.04 बजे जो दोपहर 12.29 बजे तक रहा। यह हाइब्रिड सूर्य ग्रहण है जो 100 वर्षों में एक बार ही लगता है। यह सूर्यग्रहण दुनिया के सीमित हिस्सों में दिखा, यह भारत में नहीं दिखा।भारत में सूर्य ग्रहण का प्रभाव नहीं होने के कारण इसका सूतककाल प्रभावी नहीं हुआ। इस वर्ष पांच मई को पेनंब्रल चंद्र ग्रहण या उपच्छायी चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। इसके बाद 14 अक्टूबर को एक बार फिर वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। इसके बाद 28 और 29 अक्टूबर को आंशिक चंद्रग्रहण होगा।**

### अगला सूर्य ग्रहण कब लगेगा?

आज साल का पहला सूर्य ग्रहण आज जारी है। यह सूर्य ग्रहण एक हाइब्रिड ग्रहण है, जिसे कंकणाकृति,संकरित या मिश्रित ग्रहण भी कहते हैं। इसके बाद इस तरह का सूर्य ग्रहण दोबारा साल 2031 में दिखाई देगा।

# तुम चपरासी बनने के लायक नहीं हो

## हाई कोर्ट के जज ने डिप्टी डायरेक्टर को ऐसी लताड़ लगाई कि बंध गई घिग्गी

■ ग्वालियर, एजेंसी।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच में पदस्थ जस्टिस रोहित आर्य अपने तल्ख रवैये के लिए मशहूर हैं। सरकारी भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही के मामलों में वे अधिकारियों को कोर्ट में कई बार लताड़ लगा चुके हैं। ऐसा ही एक मामला हाल में सामने आया जब जज ने माइनिंग विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को जमकर लताड़ लगाई। रेत के अवैध खनन के एक मामले की सुनवाई करते हुए जज ने डिप्टी डायरेक्टर को यह तक कह दिया कि तुम चपरासी बनने के लायक नहीं हो, तुम्हें अधिकारी किसने बना दिया।भिंड जिले में रेत खनन के इस मामले में हाई कोर्ट कई साल पहले ही ऑर्डर दे चुका है। जिले के कलेक्टर ने भी पिछले साल ऑर्डर जारी कर दिया था। इसके बावजूद माइनिंग विभाग ने रेत के ट्रांसपोर्टेशन के लिए आदेश जारी नहीं किया। इसी मामले को लेकर जज ने डिप्टी डायरेक्टर को इतनी खरी-खोटी सुनाई कि उनकी घिग्गी बंध गई।जज ने डिप्टी डायरेक्टर से पूछा कि तमाम आदेशों के



बावजूद माइनिंग विभाग ने ट्रांसपोर्टेशन पास क्यों जारी नहीं किया तो वे कुछ जवाब नहीं दे सके। यह देखकर जज का पारा चढ़ गया। उन्होंने सरकारी महकमे पर रेत माफिया के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि तुम जैसे अधिकारी बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं करते। इस मामले में इसी चलते पास जारी नहीं किया गया।जज साहब इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर से कहा कि तुम पास जारी नहीं कर सकते तो अपना जवाब कोर्ट में रेकॉर्ड करो। फिर वे डायरेक्टर को कोर्ट में तलब करेंगे। उन्होंने अधिकारी को नसीहत देते हुए कहा कि अपनी आदतें सुधार लो, नहीं तो निलंबित होने के साथ तुम्हारी नौकरी भी जा सकती है।

# मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की अर्जी खारिज

## सूरत सेशंस कोर्ट से नहीं मिली राहत

■ अहमदाबाद, यशभारत।

मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत सेशंस कोर्ट से राहत नहीं मिली है। अदालत ने राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी ने उनकी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बता दें कि सूरत की एक सत्र अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'मोदी सरनेम' वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इसके चलते राहुल गांधी की संसद सदस्यता चली गई थी। अब सेशंस कोर्ट से भी राहुल गांधी को निराशा हाथ लगी है। राहुल गांधी अब राहत के लिए उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। दरअसल, 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की सीजेएम



कोर्ट ने धारा 504 के तहत राहुल को दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए 30 दिन की मोहलत भी दी थी। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, च्कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान पूर्णेश मोदी की ओर से कहा गया कि राहुल गांधी के खिलाफ 10 से अधिक आपराधिक मानहानि के मामले चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें फटकार लगाई है। पीएम मोदी के वकील हर्ष टोलिया ने कहा कि राहुल गांधी कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद भी कह रहे हैं कि कोई गलती नहीं की। कोर्ट से मिली सजा के कारण राहुल गांधी को अयोग्य करार दिया गया है, लेकिन वे चुनाव और उसकी जीत का तर्क दे रहे हैं। वकील ने कहा कि राहुल गांधी को सही सजा मिली है, जब वे रैली को संबोधित कर रहे थे, तब वे पूरी तरह होश में थे। वहीं यदि कोर्ट आज अपील मंजूर करती है तो इससे राहुल गांधी को राहत मिल सकती है।

## सेम-सेक्स मैरिज पर चीफ जस्टिस का सवाल

# अगर कोई व्यक्ति गोद ले सकता है तो गे कपल क्यों नहीं...



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

समलैंगिक विवाह यानी सेम सेक्स मैरिज पर सुप्रीम कोर्ट में मैराथन सुनवाई चल रही है। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों यह कहकर इसका विरोध किया था कि सेम-सेक्स मैरिज शहरी रईसों का कॉन्सेप्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सरकार के इस तर्क को खारिज कर दिया। स्ष्ट ने कहा कि किसी शख्स का सेक्सुअल रुझान जन्मजात होता है और इसे शहरी या रईसों से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत समलैंगिक विवाह की वैधता को जांचने तक खुद को सीमित रखने का फैसला किया। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति गोद ले सकता है तो समलैंगिक जोड़ा यानी गे कपल क्यों नहीं? CJI ने NCPCR के उस तर्क को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अगर गे कपल गोद लेंगे तो बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट में आज भी सुनवाई जारी रहेगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच जजों की बेंच सेम-सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा, च्स्टेट ऐसे व्यक्ति के सेक्सुअल ओरिएंटेशन के चलते भेदभाव नहीं कर सकता, जो उनके साथ जन्मजात तरीके से जुड़ा है और उस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।ज्बुधवार को स्ष्ट ने केंद्र की शहरी अभिजात्य अवधारणा वाली दलील पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह ज्यादा शहरी लग सकता है क्योंकि ज्यादा शहरी लोग खुलकर सामने आ रहे हैं लेकिन यह साबित करने के लिए सरकार के पास कोई डेटा नहीं है कि यह अर्बन एलीट कॉन्सेप्ट है।

# LAC पर स्थिति तनावपूर्ण

## सेना को सतर्क रहने की सख्त जरूरत

### सेना कमांडरों के सम्मेलन में राजनाथ सिंह का कड़ा संदेश

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सेना कमांडरों के सम्मेलन में कहा कि वे चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी रखें, क्योंकि चीनी सैनिकों की तैनाती को देखते हुए उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों, खासकर भारतीय थल सेना को स्ष्ट की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरतनी होगी। रक्षा मंत्री ने कहा, च्देश की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का भरसक प्रयास है कि सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।ज उन्होंने सशस्त्र बलों से कहा कि दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल बदलावों पर ध्यान दें



और उसके मुताबिक अपनी योजना और रणनीति बनाने की कोशिश करें। जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि वहां शांति और स्थिरता है और यहां आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय थल सेना की तरफ से चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

# बादशाह के सनक एलबम से महाकाल के पुजारी नाराज

## गाने में भगवान शिवजी के साथ अश्लील शब्दों को जोड़ा, पुजारी बोले- FIR कराएंगे

■ उज्जैन, यशभारत।

फेमस सिंगर और रैपर बादशाह मुश्किल में पड़ गए है। हाल ही में रिलीज उनके एक एलबम सनक के एक गाने पर विवाद की स्थिति बन गई है। महाकाल मंदिर के पुजारी सहित कई भक्तों ने गाने में अश्लील शब्दों के साथ भोलेनाथ का नाम उपयोग करने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने गाने से भगवान का नाम हटाने और माफी मांगने को कहा है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उज्जैन सहित अन्य शहरों में बादशाह के खिलाफ FIR करवाई जाएगी।महाकाल मंदिर में वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी ने आरोप लगाया कि हिंदू सनातन में छूट का दुरुपयोग हो रहा है। साधु संत कथावाचक सभी ऐसी चीजों पर मौन हैं। फिल्म स्टार हो या गायक उन्हें भगवान के नाम पर अश्लीलता फैलाना का कोई अधिकार नहीं है। देशभर में एकसाथ उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह तो हर कोई सनातन धर्म को गलत ढंग से पेश करता रहेगा, हम इसका विरोध करते हैं। महाकाल सेना और



पुजारी महासंघ सहित हिंदू संगठन ने तत्काल इस गाने से भगवान भोलेनाथ का नाम हटाने को कहा है।

### क्या है विवादित हिस्सा

बादशाह का 2 मिनट 15 सेकंड का नया गाना जमकर ट्रेंड कर रहा है। गाने के 40 सेकंड बाद गाने के अंतरे में बोल है, कभी सेक्स तो कभी ज्ञान बांटता फिरूं... इसके बाद अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए गाने के बोल हिट पर हिट में मारता फिरूं... तीन-तीन रात में लगातार जागता, भोलेनाथ के साथ मेरी बनती है। इस गाने को सोशल मीडिया के यू-ट्यूब पर अब तक 18 मिलियन लोग देख चुके है। कई नामी हस्तियों ने इस गाने पर रील बनाई है। गाना काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन इस गाने से अब शिव भक्त नाराज हैं।

# शाइस्ता परवीन की तलाश में जुटी पुलिस कर रही ड्रोन कैमरे से सर्च ऑपरेशन

■ प्रयागराज, एजेंसी।

अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या के बाद शाइस्ता परवीन की तलाश में तेजी आई है, हालांकि उसे अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। बुधवार को भी पुलिस और एसओजी ने प्रयागराज के साथ ही कौशांबी में जगह-जगह छापेमारी की। कई घरों में खोजबीन के अलावा पुलिस ने ड्रोन कैमरे से सर्च आपरेशन चलाया। हालांकि कोई नतीजा नहीं निकल सका। उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने की आरोपित शाइस्ता परवीन 50 हजार रुपये और बाकी तीनों शूटर पांच-पांच लाख रुपये के इनामी अभियुक्त हैं। इधर कई दिन से शाइस्ता परवीन के अदालत में समर्पण करने की संभावना के चलते पुलिस हर दिन जिला अदालत की चौतरफा घेराबंदी करती है ताकि उसे बाहर ही गिरफ्तार किया जा सके, लेकिन वह समर्पण के लिए जिला अदालत आ नहीं रही। अब पुलिस के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर शाइस्ता परवीन समर्पण का सुरक्षित तरीका क्यों नहीं अपना रही है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

## शादी समारोह में मची खलबली

# दूल्हा-दुल्हन पर सिरफिरे युवक ने किया एसिड से हमला, 10 लोग झुलसे

■ जगदलपुर, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक शादी समारोह में एसिड अटैक का मामला सामने आया है। यहां एक सिरफिरे युवक ने दूल्हा-दुल्हन पर एसिड से हमला कर दिया। इस घटना में दूल्हा-दुल्हन सहित करीब 10 लोग झुलस गए। सभी घायलों को जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया है।दरअसल, यह मामला जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र के आमागांव का है। खबरों के अनुसार सुधापाल का रहने वाला 23 वर्षीय डमरू बघेल की शादी 19 साल की सुनीता कश्यप के साथ हो रही थी। शादी समारोह में चारों तरफ



खुशियों का माहौल था। शादी समारोह उस वक्त खलबली मच गई जब अचानक लाइट गुल हो गई और अंधेरे का फायदा उठाकर एक सिरफिरे युवक ने दूल्हा-दुल्हन पर एसिड से हमला कर दिया।इस घटना में आस-पास बैठे लोगों पर एसिड के छींटे पड़ने से वो भी झुलस गए। इस घटना में दूल्हा-दुल्हन सहित करीब 10 लोगों के झुलसने की खबर है।

# रमज़ान में ज़कात लेने के लिए मची भगदड़, 85 की मौत

## यमन में बड़ा हादसा

■ अदन, एजेंसी।

यमन की राजधानी सना में मची भगदड़ में कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई, जबकि 300 से अधिक लोग घायल हो गए. हूती विद्रोहियों के आधिकारिक मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी. ्यमन में ईरान-समर्थित हूती आंदोलन द्वारा चलाए जा रहे मुख्य टेलीविजन समाचार आउटलेट अल मसीराह टीवी ने सना में स्वास्थ्य निदेशक का हवाला देते हुए बताया कि मृतकों के अलावा कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें 13 की स्थिति काफी गंभीर है। हूती नियंत्रित आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि मुसलमानों के पवित्र महीने रमजान के अंतिम दिनों में व्यापारियों द्वारा जकात बांटने के दौरान भगदड़ मच गई. प्रवक्ता ने इस घटना को 'दुखद' बताया।



### क्या होता है जकात?

जकात एक तरह का धर्मार्थ दान होता है. प्रत्येक सक्षम मुस्लिम के लिए हर साल अपनी कुल जमा संपत्ति में से ढाई फीसद हिस्सा बतौर जकात गरीबों में बांटना फर्ज होता है। समाचार एजेंसी ने बचाव के प्रयास में शामिल दो चश्मदीदों के हवाले से बताया कि इस जकात के एक स्कूल में सैकड़ों लोग जमा हो गए थे. यहां हर व्यक्ति को 5,000 यमनी रियाल या भारतीय मुद्रा में कहें तो लगभग 1500 रुपये मिलने वाले थे।

# हिंदुओं पर ब्रिटिश स्कूलों में जुल्म! छात्रों पर फेंकते हैं गोमांस

■ लंदन, एजेंसी।

ब्रिटेन के स्कूलों में हिंदू-विरोधी नस्लवाद का सच उजागर हो गया है. लंदन स्थित एक थिंक टैंक की रिपोर्ट ने ब्रिटेन के कुछ स्कूलों में हिंदू छात्रों पर जुल्म की दास्तां को बयां किया है. रिपोर्ट में हिंदू छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल में सामना किए जाने वाले भेदभाव और डराने-धमकाने की घटनाओं को उजागर किया है. रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि ब्रिटिश स्कूलों में हिंदू बच्चों का मजाक बनाया जाता है क्योंकि वे कई देवताओं की पूजा करते हैं. स्कूलों में जाकिर नाइक के वीडियो को सुनने का भी दबाव बनाया जाता है. ब्रिटिश बच्चों द्वारा हिंदू छात्रों को 'पाकी' कहा जाता है और ब्रिटिश स्कूलों में हिंदू विरोधी गालियां आम हैं. भारत में जाति व्यवस्था और सामाजिक बुराइयों के लिए हिन्दुओं को दोषी ठहराया जाता है. एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश स्कूलों में हिंदू बच्चों को भारत में होने वाली घटनाओं या भारतीय राज्य के कार्यों के लिए उसी तरह जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जिस तरह यहूदियों को इज़राइल के कार्यों के लिए पूर्वाग्रह का सामना करना पड़ता है. लंदन स्थित हेनरी जैक्सन सोसाइटी की रिपोर्ट, जिसका शीर्षक 'एंटी-हिंदू हेट इन स्कूल्स' है. यह शार्लोट लिटिलवुड द्वारा लिखी गई है. इस रिपोर्ट में 998 हिंदू माता-पिता का इंटरव्यू है. रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों के माता-पिता ने ब्रिटिश स्कूलों की काफी आलोचना की है. उनका कहना है कि ब्रिटिश स्कूलों में हिन्दू धर्म पर बहुत घटिया ज्ञान दिया गया है।



### ब्रिटिश स्कूलों में हिन्दुओं के शाकाहारी होने का मजाक

रिपोर्ट में परिवार ने बताया था कि यहां पढ़ाई जाने वाली धार्मिक शिक्षा में हिन्दू धर्म का उपहास होता है. परिवारों का कहना है कि 'भारत में 400 वर्षों से अधिक ब्रिटिश शासन के बावजूद, ब्रिटिश लोगों में हिंदू धर्म के ज्ञान की भारी कमी है. वे हमारे देवताओं को नहीं समझते हैं और इससे हमारे बच्चों को स्कूल में परेशानी होती है. एक अन्य परिवार ने कहा 'हिंदू बच्चों को शाकाहारी होने और उनकी धार्मिक प्रथाओं का भी मज़ाक उड़ाया जाता है।

### हिन्दू होने के कारण बच्ची पर फेंका गया गोमांस

एक लड़की के हिंदू होने के कारण उस पर गोमांस फेंक दिया गया. रिपोर्ट में कहा गया है कि एक मुस्लिम ने एक हिंदू बच्चे से कहा कि अगर वे इस्लाम में परिवर्तित हो जाते हैं तो 'बदमाशी बंद हो जाएगी'. एक परिवार ने कहा 'मेरे बच्चे को कई मौकों पर विशेष रूप से भारत में पीएम मोदी के उदय के बाद और अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद बदमाशी का सामना करना पड़ा है.' वहां मुस्लिम बच्चे हिन्दू बच्चों से पूछते हैं कि 'आप लोग हमारी मस्जिद क्यों तोड़ते हैं, क्यों तुम लोग हम पर आक्रमण करते हो?।

### मुस्लिम और ईसाई बच्चे बनाते हैं धर्मांतरण का दबाव

कई परिवार ने बताया कि कुछ बच्चों ने मेरे बच्चों से कहा है कि वे जाकिर नाइक की वीडियो देखें और धर्मांतरण करें क्योंकि हिंदू धर्म का कोई मतलब नहीं है. दूसरे में एक ईसाई बच्चे ने एक हिंदू बच्चे से कहा 'यीशु तुम्हारे देवताओं को नरक में भेज देंगे.' कुछ हिंदू बच्चों ने बदमाशी के कारण स्कूल जाने से इनकार कर दिया. सर्वेक्षण किए गए हिंदू माता-पिता में से 51त्न ने बताया कि उनके बच्चे ने स्कूलों में हिंदू-विरोधी नफरत का अनुभव किया है।

# कटनी में खराब मावे की मिठाई दोहरा न दे मंदसौर की घटना

## रोजा अफ्तार की दावत में बीमार हुए एक सैकड़ा, गर्मी में धड़ल्ले से बिक रहा खराब मावा



**कटनी, यशभारत।** कटनी में मिठाई दुकानों की जांच कब हुई है क्या आपको याद है शायद नहीं क्योंकि कोई बड़ा त्योहार नहीं। होली भी बिना जांच के निकल गई। वर्तमान में भले ही कोई बड़ा हिन्दू त्यौहार न हो पर रमजान माह में रोजा अफ्तार हो रहे हैं इन अफ्तार दावतों में भी खोवे अर्थात मावे से बनी मिठाईयों को प्रयोग सबसे ज्यादा किया जा रहा है। ऐसा ही एक मिठाई का ज्यादा इस्तेमाल बीते दिन मध्यप्रदेश के मंदसौर में भी हुआ जहां मावे की मिठाई रोजा रखने वालों के लिए परेशानी का सबब बन गई। इस दावत के बाद सौ लोग बीमार हो गए।

सवाल यह है कि गर्मी में जब हर वक्त नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अमले को खाद्य पदार्थों की दुकानों की जांच करनी चाहिए तब महीनों में भी जांच नहीं की जा रहीं। कटनी में मिठाई दुकान ही नहीं होटर रेस्टरां खाने पीने की छोटी बड़ी होटल में कभी भी जिम्मेदार अमले की जांच की कोई खबर नहीं केवल दिवाली दशहरा होली रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के पहले दो चार परंपरागत मिष्ठान भंडारों की जांच हुई जांच के बाद क्या सही पाया गया क्या मिलावटी किसी को पता नहीं। जांच रिपोर्ट भोपाल से आती है मगर यह कब आती है कोई नहीं बता सकता। सिर्फ मिठाई की दुकानों की बात न करते हुए अन्य खाने पीने की दुकानों की बात की जाए तो शहर में करीब 300 सौ छोटी बड़ी दुकानों हैं जहां कहीं पर गंदगी, मिलावट, बासी सामान गंदा पीने का पानी खराब तेल मैदा बेसन आटे का खुला उपयोग होता है पर इनमें कभी कोई जांच नहीं की गई।

### किडनी लीवर भी हो सकता है खराब

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार सिंथेटिक दूध व मिलावटी खोये की बनी मिठाइया किडनी से लेकर लीवर तक खराब कर सकती हैं। सास नली में भी दिक्कत आ सकती है। वहीं पेट के अन्य जरूरी अंगों को भी बेहद नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि खोये की सफेदी देखकर आंखें बंद करके खरीदारी करने की बजाए, खोया खरीदते समय असली-नकली की पहचान करें। अक्सर यूं तो त्योहार के नजदीक आते ही दूसरे राज्यों से मिलावटी खोया आने लगता है। जानकारों की मानें तो किलो खोवा पांच लीटर दूध में तैयार होता है एक किलो खोया 250 रुपये वाले खोये की शुद्धता पर भी कई लोग सवाल उठाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसर एक किलो शुद्ध दूध से मात्र 200 ग्राम खोया निकलता है। दूध की कीमत 55 रुपये प्रति लीटर है। इस तरह एक किलो खोया तैयार करने में पाच से साढ़े पांच लीटर दूध और ईधन खर्च होता है। ऐसे में खोया का कम भाव में मार्केट में बिकना मिलावट की पहचान के लिए काफी है।

### आयोडिन टिंचर डालते ही हो जाएगा दूध का दूध, पानी का पानी

फूड सेफ्टी जानकार बताते हैं कि असली खोये की पहचान के लिए आयोडीन टिंचर की खोये में दो-तीन बूंद डालें। असली होने पर रंग लाल हो जाएगा। खोये का रंग काला होने पर उसे विशुद्ध मिलावटी समझा जाए। इसी तरह शुद्ध खोया रगड़ने में चिकनाहट छोड़ता है, जबकि मिलावटी खोया मसलने में बत्ती बनकर अलग-अलग हो जाता है। खोये को पहचानने का दूसरा तरीका यह भी है कि उसे उंगलियों से रगड़कर देखें कि ये दानेदार है या नहीं। अगर यह दानेदार लगे तो हो सकता है कि इसमें मिलावट कि गई हो। इसके अलावा खोया चखने पर कड़वा लगता है तो समझ लें कि इसमें मिलावट की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार मिलावटी खोये को हाथ में लेने पर पाउडर-सा छूटता है, क्योंकि उसमें सूखापन होता है, जबकि शुद्ध खोया दानेदार होता है। अगर खोया शुद्ध होगा, तो कच्चे दूध जैसा स्वाद आता है। इन चीजों को मिलाने से बनता है नकली खोया खोया बनाने के लिए मिलावटखोर मैदा, डालडा, पाम ऑयल, सिंथेटिक दूध, आरारोट, आलू, शकरकंद, सिंघाड़े का आटा व चीनी का इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं खोये का रंग बदलने के लिए केमिकलों का भी इस्तेमाल होता है।



# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 26 अप्रैल को आ सकते हैं कटनी

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का आगमन तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील में मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन को संबोधित कर सकते हैं। इसी तरह बहोरीबंद में भी उनका कार्यक्रम संभावित है। आपको बता दें कि सीएम शिवराज सिंह की पसंदीदा योजना लाडली बहना को लेकर जिस तरह का उत्साह महिलाओं में नजर आ रहा है उससे सीएम ही नहीं पूरी भाजपा उत्साहित है। इसी उत्साह को बढ़ाने तथा आधाी आबादी को अपने पक्ष में करने की कवायद के तरह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जिलों में लाडली बहना सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। हर दिन वह किसी न किसी जिले में पहुंच रहे हैं इसी के तहत अब बारी कटनी जिले की है। सीएम का इससे पहले दो बार आगमन केंसिल हो चुका है। पर अब चुनावी साल में 26 अप्रैल का कार्यकम स्थगित नहीं होगा ऐसा भाजपा के सूत्रों ने दावा किया है। मुख्यमंत्री के ढीमरखेड़ा में आने के पीछे कारण यह भी है कि यह तहसील बड़वारा विधानसभा में आती है। इसे भाजपा ने अपनी आकांक्षी विधानसभा के रूप में रख कर इस बार यहां से पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास शुरू कर दिया है इसी के चलते सीएम का ढीमरखेड़ा विधानसभा में आगमन हो रहा है। बहोरीबंद में भी सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारी है। सीएम की लाडली बहना योजना को कटनी जिले में सफलता हासिल हो रही है। कलेक्टर ने गत दिनों दावा किया कि कटनी में लाडली बहना योजना प्रदेश में टाप टेन में शामिल है।

# संस्कार भारती संस्था द्वारा पृथ्वी दिवस पर भूमि अलंकरण प्रतियोगिता

## पृथ्वी अर्थात धरती हम सबकी माता है और आजीवन हमारा भार अपने तन पर ढोती




**कटनी, यशभारत।** 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस पूरे भारत वर्ष में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। पृथ्वी अर्थात धरती हम सबकी माता है और आजीवन हमारा भार अपने तन पर ढोती है और माता की तरह हमारे सब अपराध क्षमा कर हमारा पालन पोषण करती है। बदले में हम क्या करते हैं कभी सोचा है दिन और रात उसे अपने पैरों तले कुचलते हैं। अपनी सारी गंदगी उस पर उड़ेलते हैं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये दिन रात उसका सीना छलनी करते हैं इसलिये हमारी सनातन संस्कृति में नियम बना है सुबह बिस्तर से उठने पर और धरती पर अपना पैर रखने से पहले उसकी धूल अपने मस्तक पर लगाएं और पैर रखने की अनुमति के साथ ही पदाघात के लिये क्षमा मांगे और अधिकांश लोग ऐसा करते भी हैं जो नहीं करते उन्हें करना चाहिये। 22अप्रैल को पृथ्वी दिवस पर सभी अपने घर के सामने अंदर बाहर सुंदर रंगोली बनाकर पुष्प सज्जा कर धरती माता का सम्मान करें अभिवंदन अभिनन्दन करें। अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से संस्कार भारती संस्था कटनी इकाई द्वारा इस वर्ष भू अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के नियम भी बनाए गए हैं। 22 अप्रैल को आप अपने घर के अंदर या बाहर पृथ्वी पर फूलों से या रंगों से रंगोली बनायें। रंगोली की रुपरेखा संलग्न है इस रंगोली के अतिरिक्त अन्य रंगोली भी आप बना सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रंगोली बनाते हुए कम्पलीट रंगोली की 30 सेकेंड की अपने मोबाइल नंबर व पता सहित इन नंबरों पर भेजना जरूरी है। निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगी को पुरुस्कार व अन्य 5 को सांत्वना पुरस्कार व प्रमाणपत्र भी दिये जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अपनी वीडियो नीचे लिखे नम्बरों पर शाम 4 बजे तक भेज सकते हैं। सुश्री मीरा भार्गव श्रीमती रंजना उमा बहरे, श्री दिनेश पाण्डेय, श्रीमती हीरामणि बरसैया संस्कार भारती संस्था कटनी में और अधिक जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।



## संत निरंकारी मिशन करेगा जागरूक

**कटनी, यशभारत।** संत निरंकारी मिशन कटनी द्वारा आगामी 22 अप्रैल दिन शनिवार को जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो में रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का समय सुबह 8 से 9 बजे रहेगा इसी तरह 23 तारीख दिन रविवार को विशाल रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से रहेगा एवं24 को सत्संग 5 से 7 तक तत्पश्चात लंगर रहेगा। सभी निरंकारी बंधुओं से विविध धार्मिक आयोजनों में उपस्थिति की अपील की गई है।



## मंदिर मस्जिद रार कराते, मेल कराती मधुशाला

# शराब दुकान को लेकर एक हुए कांग्रेस-भाजपा नेता, बना शहर में चर्चा का विषय

**कटनी, यशभारत।** हरवंश राय बच्चन की कविता है मंदिर मस्जिद रार कराते मेल कराती मधुशाला। यह कितना सटीक है इसका उदाहरण शहर में शराब दुकान खोले जाने के विरोध में दो प्रमुख राजनीतिक दलों का एक होना है। दरअसल कटनी जिले में रिहायशी इलाके पर शराब दुकान खुलने का विरोध निरंतर जारी है। लेकिन बीते दिन का नजारा कुछ अलग था। यह मामला लखेरा क्षेत्रा का है।यहां नाराज लोगों ने शराब दुकान के बाहर जमकर हंगामा किया। मामले की जानकारी लगते ही भाजपा और कांग्रेस नेता भी मौके पर पहुंच गए और विरोध कर रहे लोगों का समर्थन किया। हंगामे के दौरान आबकारी अधिकारी डी बघेल ने शराब दुकान बंद कराते हुए कहीं और शिफ्ट करने की बात कही। बता दें कि कटनी के रिहायशी इलाके लखेरा में शराब दुकान खुलने से लोगों में आक्रोश था। बुधवार को इसका विरोध किया गया। विरोध के दौरान स्थानीय महिला-पुरुष से लेकर बच्चे भी शामिल दिखे। सभी लोग कड़ी धूप में एकत्र होकर शराब दुकान का विरोध करते नजर आए। लोगों की मानें तो इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से जनता को काफी दिक्कतों का समाना करना पड़ेगा। वहीं महिलाओ ने बताया कि दुकान आते ही असामाजिक तत्व का जमावड़ा शुरू हो गया। आने वाले समय में इलाके का माहौल बिगड़ने की आशंका भी जताई गई। इधर हंगामा कर रहे लोगों के समर्थन के लिए विधायक संदीप जयसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जनता से बातचीत की और उनकी बातो को मानते हुए जिला आबकारी अधिकारी से चर्चा की। साथ ही कहा कि यहां से दुकान हटाई जाए और कहीं और शिफ्ट की जाए। जिला आबकारी अधिकारी डी बघेल ने बताया कि जनता के विरोध के चलते लखेरा की दुकान का सामान निकालकर बंद किया जा रहा है और इस दुकान को कही और शिफ्ट कराया जाएगा।

# 500 यात्रियों को बसों से सुरक्षित किया रवाना

## एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने भी संभाला मोर्चा



**कटनी, यशभारत।** अचानक रद्द हुई ट्रेनों के कारण लगभग 600 रेलयात्रियों ने कटनी मुड़वारा स्टेशन के बाहर घर जाने को लेकर हंगामा कर दिया। कहा कि शहडोल, अनुपपुर कैसे जाएं। सूचना पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन तक पहुंची। उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुई तत्काल ट्रैफिक प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे को यात्रियों की मदद करने एवं सुरक्षित अपने गंतव्य पर रवाना करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पाकर ट्रैफिक प्रभारी तत्काल एक्शन में आए। रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों की समस्या को समझा। तत्काल बसों की व्यवस्था कर सभी यात्रियों को 7 बसों में गंतव्य के लिए रवाना किया गया। शहडोल की घटना के बाद कटनी में यात्रियों के लिए हुई असुविधा के बाद व्यवस्था को लेकर रेलवे के पांच अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे सहित सीसीआइ सत्येंद्र दुबे, एसएम कॉमर्शिलय के के दुबे, एसएस कटनी वी के शर्मा, आरपीएफपोस्ट प्रभारी अनिल दीक्षित सुबह से देरशाम तक मुस्तैद रहे। हर यात्री से बात कर समझाइश देना, उनको गंतव्य तक जाने के लिए व्यवस्था करना व टिकट रिफंड कराने, पेयजल आदि की व्यवस्था में जुटे रहे। वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों से समन्वय बनाकर यातायात को क्लियर किया।

# कार्यकर्ताओं की छोटी भूमिका से भाजपा आज विराट स्वरूप में

## अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद



**कटनी, यशभारत।** भाजपा आज इस मुकाम पर है यह वरिष्ठजनों की मेहनत का नतीजा है। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक पार्टी के इस विराट रूप के पीछे कार्यकर्ताओं की भूमिका है, इसलिए वरिष्ठजनों का सम्मान हमारा परम कर्तव्य है। यह बात भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। कल अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर्य वरिष्ठ नेता संवाद कार्यक्रम के तहत भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेताओं से संवाद किया। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन द्वारा श्री आर्य का शॉल व स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित होना हमारे लिए गौरवपूर्ण एवं सौभाग्य का क्षण है। भाजपाजनों को संबोधित करते हुए श्री आर्य ने कहा कि जनसंघ के जमाने में कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत से संगठन का विस्तार किया था। उन्हीं के दम पर हम चुनाव में जीत हासिल करते थे। आज उन्हीं पुराने ओर बुजुर्ग कार्यकर्ताओं के अनुभवों का लाभ हमें लेना चाहिए। श्री आर्य ने कहा भाजपा कार्यकर्ता एवं सिद्धान्तों से चलने वाली पार्टी है कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा की सरकारों में गरीब कल्याण एवं सभी जाति धर्म लोगों को लाभ मिल रहा है। श्री आर्य ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में भाजपा कार्यकर्ताओं को चुन चुन कर उन्हें निशाना बनाया गया था ये कांग्रेस की ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है इसका जवाब हमें आने वाले विधानसभा के चुनाव में देना होगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वश्री दीपक टण्डन, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलका जैन, रामरतन पायल, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनन्द, रामचन्द्र तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, राजेश चौधरी, वरिष्ठ नेता डीडी बैनर्जी, शंकर महतो, सत्यव्रत त्रिपाठी, कैलाश जैन, संतोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, जिला मंत्री मीना कश्यप, सीमा जैन, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत मिश्रा, सचिन तिवारी, कन्हैया तिवारी, शिवकुमार बबलू चौधरी, जीवन चौधरी, करन रैदास, सन्तोष शर्मा, संतराम चौधरी आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व नगर निगम, नगर परिषद अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष आदि वरिष्ठजनों से संगठन सुदृढ़ीकरण हेतु वन टू वन चर्चा की।


### कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक/ 567 /खनिज/उ0प0/ 2023, कटनी, दिनांक 4/04/2023

//सूचना//

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेंसर्स ए.जेड.एल. माइनिंग, पार्ट. मोहम्मद अरशद अली आत्मज बसारत अली, निवासी-जामा मस्जिद गली, ईश्वरीपुरा वार्ड कटनी, जिला-कटनी (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2023 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | आवेदित रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | मुड़वारा | टेढ़ी | 273 | 1.410 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि | डोलोमाईट | |
| | | | 277 | 0.620 | | | |
| | | | 278 | 0.630 | | | |
| | | | योग- | 2.660 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-11669/23

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

यश भारत

# सिटी न्यूज

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

कटनी, गुरूवार, 20 अप्रैल 2023

# अंधेरे और गर्मी के बीच कट रही रातें

## लोड बढ़ते ही जल रहे ट्रांसफार्मर, कहीं केबिल शॉर्ट तो कहीं जम्फर हो रहे खराब

**कटनी, यशभारत।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर में जहां एक तरफ पेजयल संकट गहराने लगा है और लोग पानी के लिए परेशान देखे जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पिछले तीन दिनों से बिजली की आंखमिचौनी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। करोड़ों रूपए की लागत से हुए फीडर सेपरेशन कार्य में घटिया उपकरणों के उपयोग की वजह से कहीं केबिल शॉर्ट हो रही है तो कहीं ट्रांसफार्मर जल रहे हैं तो कहीं जम्फर का फ्यूज उड़ रहा है। लोड बढ़ने के बाद घटिया उपकरण खराब हो रहे हैं और इसका खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है।



### गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली की आवाजाही से परेशान हो रहे उपभोक्ता

पिछले कुछ दिनों से सुबह से लेकर शाम और देर रात बिजली की आवाजाही का सिलसिला चल रहा है, जिसके चलते गर्मी के इस मौसम में उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। खराबी आने के बाद सुधार के नाम पर मनमानी के सिवाय ओर कुछ नहीं हो रहा। कभी स्टाफ की कमी का रोना रोया जाता है तो कभी अन्य कारणों से बिजली आपूर्ति सुचारू करने में लेटलतीफी बरती जा रही है। विदित हो कि कुछ साल पहले करीब 65 करोड़ रूपए की लागत से फीडर सेपरेशन का काम कराया गया था। इस काम में मॉनीटरिंग के अभाव में संबंधित ठेकेदार ने घटिया उपकरणों का उपयोग किया, जिसका खामियाजा आज तक पूरा शहर भोग रहा है। शहर में तीन फीडरों से बिजली आपूर्ति की जाती है, जिसमे कटाएघाट, खिरहनी और पहरूआ फीडर शामिल है। इन तीनों में से खिरहनी और पहरूआ फीडर में सबसे ज्यादा शिकायतें सामने आती है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब इन फीडरों में बड़ा फाल्ट नहीं होता हो। दो दिन पहले गर्ग चौराहा में लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर में धमाके ऐसे हो रहे थे, जैसे दीवाली के बम फूट रहे हों। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग ने सुधार कार्य तो शुरू किया लेकिन तब तक इस क्षेत्र में अंधकार छाया रहा और लोग गर्मी में परेशान होते रहे।



### रात में शिकायत, सुबह हुआ सुधार कार्य

उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने एक टोल फ्री नंबर 1912 जारी किया है, जिसमे शिकायत दर्ज होते ही तत्काल इसके निराकरण की बात कही जाती है नलेकिन ऐसा होता नहीं है। शिकायत दर्ज होने के बाद भी घंटों तक समस्या का समाधान नहीं किया जाता। उपभोक्ताओं ने बताया कि रात में शिकायत दर्ज कराने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचार सुधार कार्य के लिए सुबह पहुंचे। पूरी रात अंधेरे और गर्मी में काटनी पड़ी।



## परशुराम शोभायात्रा से पहले कल निकलेगी वाहन रैली

**कटनी, यशभारत।** परशुराम जी के जन्म उत्सव पर शहर में आयोजित विशाल शोभायात्रा से एक दिन पूर्व कल 21 अप्रैल को विशाल वाहन रैली भक्तजनों को शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण देने शहर में भ्रमण करेगी। वाहन रैली शाम 5 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर परशुराम चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, जगन्नाथ चौक, घंटाघर, गर्ग चौराहा, शनि मंदिर, बरही रोड से होती हुई रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर मे समाप्त होगी। भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का आयोजन रेलवे स्टेशन से 22 अप्रैल की शाम 5 बजे से आयोजित किया गया है।

# अंडर 18-क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन

### सचिन बने कप्तान, मंडला के साथ पहला मैच 26 को



**कटनी, यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वाधान में बालक अंडर 18 आयु समूह टूर्नामेंट जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए कटनी जिले की टीम का चयन किया गया। चयन के लिए 30 खिलाड़ियों के बीच दो मैच का 16 एवं 18 अप्रैल को खेला गया। मैच में प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ता जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड, हरिशंकर बाजपेई, एम बैनर्जी एवं संजय गिरी द्वारा टीम की घोषणा की गई। टीम में सचिन यादव कप्तान, जतिन विश्वकर्मा, हर्ष मंगलानी, आदित्य चौधरी, सुजल खरे, हिमांशु सोनी, हर्ष होतवानी, सुमित सिंह, स्वयं पांडेय, कृष्णा, साहिल, लवेश मोटवानी, राज श्रीवास, कार्तिक परोहा, अतिरिक्त खिलाड़ी रुद्र चटर्जी, दिवाकर तिवारी, अरुण भास्कर को चयनित किया गया है। टीम अपना पहला मैच 26 अप्रैल को मंडला के विरुद्ध खेलेगी। मैच के पहले टीम में चयनित खिलाड़ी रोजाना फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में जमकर पसीना बहा रहे हैं।

## भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह 22 को



**कटनी, यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्री भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर बरगवां में श्री भूमि प्रकट शारदा माता का प्राकट्य समारोह हर्ष उवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अप्रैल शनिवार को मा शारदा का जन्मोत्सव दोपहर 12 बजे से मनाय जाएगा। विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक एवं रात्रि 8 बजे से जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल (आल्हा) द्वारा देवीगीतों की समधुर प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम आयोजक देशराज गुप्ता एवं गुप्ता परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# रीठी बीईओ कार्यालय से शिक्षकों के खाते में हो गई डबल पेमेंट

## 13 लाख रूपए की गड़बड़ी के बाद आनन-फानन कराई गई रिकव्हरी, गड़बड़ी मामले की जांच शुरू, बीईओ को जारी हुआ नोटिस

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय में एक बार फिर 13 लाख रुपए की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जिले के रीठी विकासखंड के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 47 शिक्षक सहित कर्मचारियों के खाते में डबल राशि का भुगतान कर दिया गया और इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। गड़बड़ी की जांच के लिए समिति बनाई गई है और मामले में प्राथमिक रूप से रीठी बीईओ की लापरवाही पाते हुए शो-कॉज जारी किया गया है। बीईओ से लेकर कोषालय के बीच हुई इस गड़बड़ी के बाद से पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि इसके पहले भी जिला कोषालय में 28 लाख रूपए की गड़बड़ी हुई थी। इस मामले के बाद अब रीठी बीईओ कार्यालय से 13 लाख रूपए की गड़बडड़ी का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी अनिल चक्रवर्ती के कार्यालय के अंतर्गत 47 नियमित एनपीएस कर्मचारी, जिनमें शिक्षक सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं, को मार्च माह का 13 लाख रुपए वेतन का भुगतान किया गया है। बीइओ द्वारा बिल भेजे गए। कोषालय से बिल न सिर्फ पास हो गए बल्कि 13 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान याने डबल वेतन का भुगतान 10 अप्रेल को कर दिया गया। वेतन का भुगतान सिस्टम जनरेट होता है। बताया जाता है कि बीईओ रीठी ने बिना क्रियेटर और वैरीफायर के सीधे बतौर एप्रूवल बिल कोषालय भेज दिए। अब तक लगभग 12 लाख रुपए की रिकवरी हो गई है। इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले वहीं बीईओ अनिल चक्रवर्ती को नोटिस जारी किया गया है।

### अन्य मामले में तीन लोगों पर एफआईआर

एक अन्य मामले में माधवनगर पुलिस ने 10 लाख रुपए की गड़बड़ी पर तीन लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। लोक निर्माण विभाग के ईई हरी सिंह ठाकुर निवासी पीड्ब्लूडी कॉलोनी की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने धीरज सिंह, रज्जाक भाई, ब्रजेश कुमार के खिलाफ शासकीय सेवक द्वारा शासकीय रूपए का गबन करने पर एफआईआर दर्ज की है।

### इनका कहना है

रीठी बीईओ कार्यालय में तकनीकी त्रुटि की वजह से ऐसा हो गया था। शिक्षकों से रिकव्हरी कराई गई है। मामले की जांच शुरू की गई है। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया है।

**-पी पी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी**

रीठी बीईओ कार्यालय के 47 कर्मचारियों को 13 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान साफ्टवेयर के माध्यम से हो गया है। यह साफ्टवेयर में तकनीकी खामी के कारण हुआ है। मामला संज्ञान में आने के बाद अधिकांश रिकवरी कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

**-शैलेष गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी**

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत का आगाज



**रीठी, यशभारत।** रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम मझगवां स्थित शिवधाम में 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा की शुरूआत 18 अप्रैल को 51 कलश यात्रा एवं बैठकी के साथ हुई। आचार्य पंडित कमलेश प्रसाद शास्त्री द्वारा श्रोताओं को भागवत कथा का श्रवण कराया जा रहा है। कथा का मूल परायण पाठ आचार्य पंडित अवधेश कुमार चौबे के मुख से पाठ किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की भीड़ उमड़ रही है। रीठी के ग्राम मझगवां वासियों व धर्म प्रेमी श्रद्धालुओ के सहयोग से यह विशाल धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है। कल 21 अप्रैल को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 23 अप्रैल को रूकमणी विवाह, 24 अप्रैल को वेदी अग्नि प्रवेश, 25 अप्रैल को पूर्णाहूति हवन एवं भंडारा एवं 26 अप्रैल को गीता पाठ एवं जलयात्रा का आयोजन किया गया है। आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओ से पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## निरंकारी मिशन द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम 22 से



**कटनी, यशभारत।** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याणार्थ हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारतवर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित कटनी में तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन कटनी द्वारा 22 अप्रैल को जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो में रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। सुबह 8 से 9 बजे एवं 23 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया। 24 अप्रैल को सत्संग 5 से 7 बजे तक तक तत्पश्चात लंगर का आयोजन किया गया है।

## कार्यालय रिटर्निंग जय सियाराम प्राथमिक उप. सहकारी भंडार मर्या. डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड कटनी पं. क्र. 1294

**जय सियाराम प्राथ. उप. सह. भंडार मर्या. डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड कटनी पंजी. क्र. 1294** के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।

दिनांक- 20-04-2023

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक **20.04.2023** (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक **28.04.2023** (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक **29.04.2023** (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक **30.04.2023** (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक **07.05.2022** (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक **08.05.2023** (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक **08.05.2023**(8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक **11.05.2023**। उक्त सभी कार्यक्रम संस्था कार्यालय कटनी में संपन्न होंगे संस्था के समस्त सदस्यों को निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना संस्था द्वारा प्रेषित की जा रही है।

**पूजा विश्वकर्मा (रिटर्निंग अधिकारी) जय सियाराम प्राथ. उप. सह. भंडार मर्या. डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड कटनी पंजी. क्र. 1294**



## शुभम प्यासी ने ट्रिपल जंप इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान

**कटनी, यशभारत।** भोपाल में आयोजित 21वीं मध्यप्रदेश अंतर जिला अंडर 20 बालक एवं बालिका जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 से 15 अप्रैल को टीटी नगर स्टेडियम में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित की गई, इसमें कटनी जिले की एथलेटिक्स टीम ने कटनी एथलेटिक्स संघ के तत्वधान में जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में शुभम प्यासी ने ट्रिपल जंप इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। शुभम प्यासी की इस सफलता पर कटनी एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव वीरेंद्र सिंह, जितेश विश्वकर्मा, सलमान अहमद ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# माझी समाज महिला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



### महिला पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी, बैठक में सामूहिक आदर्श विवाह महायज्ञ की तैयारियों पर चर्चा

**कटनी, यशभारत।** माझी समाज महिला मंडल की एक बैठक जिला उपाध्यक्ष राजेश निषाद के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में 30 अप्रैल को बस स्टेंड में हो रहे सामूहिक आदर्श विवाह महायज्ञ की तैयारियों पर चर्चा के साथ ही महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती अंजना निषाद ने जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया की अनुमति, संरक्षक योगेश सोंधिया की सहमति एवं अन्य पदाधिकारियों की सर्वसम्मनित से नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए महिला पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक पूर्व जनपद अध्यक्ष मीना कश्यप, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद, किरण सोंधिया, पार्वती रैकवार, प्रमिला निषाद, ज्योति बर्मन (बावली टोला) को बनाया गया है। उपाध्यक्ष वर्षा रैकवार, सचिव शिवकुमारी कश्यप, महामंत्री श्रीमती संगीता सोंधिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेनू रैकवार, सहसचिव गीता रैकवार, संगठन मंत्री राजश्री रैकवार, उप कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम बर्मन को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में सुधा रैकवार, आशा बर्मन, ज्योति बर्मन आधारकाप, रेखा बर्मन, सरोज सोंधिया, हनी कश्यप, ग्लोमी माझी, ममता रैकवार, तनु सोंधिया, निशा सोंधिया, मुस्कान सोंधिया, ननकी निषाद, विमला निषाद, मंजू निषाद, माया निषाद, मनीषा निषाद, प्राची निषाद, संजना निषाद, आरती निषाद, रूपा निषाद को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीमती अंजना निषाद ने सभी से सामूहिक आदर्श विवाह महायज्ञ में हर संभव सहयोग की अपील की है। बैठक में जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया, संरक्षक योगेश सोंधिया, उपाध्यक्ष राजेश निषाद, सचिव सचिन कश्यप, नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार, जिला महामंत्री प्रकाश रैकवार, विजय सोंधिया, रमेश रैकवार, नितिन रैकवार सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री प्रकाश रैकवार ने किया।

## कार्यालय रिटर्निंग कैमोर सीमेंट वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कैमोर पंजीयन क्रमांक 1146

**कैमोर सीमेंट वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कैमोर पंजी. क्र. 1146** के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।

दिनांक- 20-04-2023

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक **20.04.2023** (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक **28.04.2023** (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक **29.04.2023** (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक **30.04.2023** (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक **07.05.2022** (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक **08.05.2023** (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक **08.05.2023**(8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक **11.05.2023**। उक्त सभी कार्यक्रम संस्था कार्यालय कैमोर में संपन्न होंगे संस्था के समस्त सदस्यों को निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना संस्था द्वारा प्रेषित की जा रही है।

**अनीता कोल (रिटर्निंग अधिकारी) कैमोर सीमेंट वर्क्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमि. कैमोर पं.क्र. 1146**

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

**ऑल इंडिया रिलीज**




रोजाना 3 शो ता. 21 से 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म

**किसी का भाई किसी की जान**


कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।

नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है

Rate card
Box....120/-
Balcony....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




21 अप्रेल से

रोजाना 6 शो

10.00 AM (AUDI-1)
12.00 PM (AUDI-1)
04.00 PM (AUDI-2)
06.00 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)

Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/

**किसी का भाई किसी की जान**


वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है, लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं

Tickets Available on Book My Show

एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




21 अप्रेल से

रोजाना 4 शो

09.00 AM (AUDI-2)
01.00 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-1)

**चेंगिज**

कलाकार- जीत, सुस्मिता चेटर्जी, रोहित राय आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

mgm HOSPITAL

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं

नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक

कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी**

डॉ. एस.के.गुप्ता – दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन

डॉ. एस.के.सिंह – M.B.B.S., M.S., F.M.A.S (GEN. & Laparoscopy Surgeon) – कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन

डॉ. पंकज गुप्ता – M.B.B.S., M.S. (ORTHO) Bone & Fracture Specialist – फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशिलटी सुविधायें – 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस

डॉ. रवि कुमार – M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) – कंसलटेंट फिजिशियन

डॉ. मानसी गुप्ता – मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुचित्रा – स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट

24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890

07622 405070 | www.facebook.com/mgmhc | @mgmkatni | mgmhc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

# मध्य प्रदेश में अवैध मदरसों का होगा रिव्यू
# इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाईं तो खैर नहीं

**भोपाल, यशभारत। प्रदेश शासन अब ऐसे संस्थानों पर शिकंजा कसने जा रहा है, जहां बच्चों को शिक्षा के नाम पर कट्टरता का पाठ पढ़ाया जाता है। अवैध मदरसे समेत ऐसे संस?थानों का अब रिव्यू किया जाएगा। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक खबरें, संवेदनहीन, कट्टरता बढ़ाने वाले कमेंट लिखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सीएम शिवराज ने आज अपने आवास पर कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। सीएम शिवराज ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में कट्टरता और अतिवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**



सीएम शिवराज ने अधिकारियों से कहा कि इंटरनेट मीडिया पर नजर रखें। भ्रामक खबरें, संवेदनहीन, कट्टरता बढ़ाने वाले कमेंट लिखने वालों को पहचानें और आवश्यक कार्रवाई करें। आगामी दिनों में त्योहारों को लेकर जेएमबी और पीएफआइ जैसे संगठनों और इंटरनेट मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने और प्रदेश में कहीं भी कोई अवैध गतिविधियां संचालित नहीं हो, इसको लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सीएम ने अधिकारियों से यह भी कहा कि अहाते बंद होने के बाद कहीं और से शराब न बिके इस पर सतत नजर रखे और कार्रवाई करें। ऐसे स्थानों को ध्वस्त करें। अवैध रेत के खिलाफ अच्छी कार्रवाई की गई है।

इससे पहले बैठक के दौरान सीएम शिवराज ने विगत दिनों नक्सलियों के खिलाफ बालाघाट में हुई पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा की और बुरहानपुर में अतिक्रमण हटाने पर भी पुलिस प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी समस्याएं समाप्त होनी चाहिए। विगत दिनों त्योहारों पर पुलिस की मुस्तैदी और त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न होने पर भी उन्होंने पुलिस प्रशासन को बधाई दी।इस बैठक में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, गृह विभाग के प्रमुख सचिव राजेश राजौरा, डीजीपी सुधीर सक्सेना, एडीजी इंटेलिजेंस और मुख्यमंत्री के ओएसडी अंशुमन सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा सभी जिलों के आला पुलिस अधिकारी बैठक से वर्चुअली जुड़े।

## सीएम शिवराज का एलान, प्रदेश में बनेगा नया जुआ एक्ट




## चिटफंड का पैसा लौटाने PHQ में विशेष सेल गठित होगा

भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को ऐलान किया गया कि प्रदेश में नया जुटा एक्ट बनेगा। चिटफंड का पैसा लौटाने के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में विशेष सेल गठित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान जुआ अधिनियम 1876 का है। इसमें ऑन लाइन गैंबलिंग बड़ी समस्या बन गई है। उसके विरुद्ध कोई प्रावधान नहीं है। सीएम ने कहा कि हमने फैसला किया है कि वर्तमान जुआ अधिनियम की जगह मध्य प्रदेश जुआ अधिनियम 2023 बनाया जाएगा। इसमें ऑन लाइन गैंबलिंग के खिलाफ पर्याप्त प्रावधान सम्मलित किए जा सकेंगे। ताकि ऐसे अपराधियों को भी हम दंडित कर सकें। चिटफंड कंपनियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और इन्वेस्टर जिन्होंने पैसा लगाया है। उनके पैसे लौटने की निगरानी के लिए पुलिस मुख्यालय में एडीजी की अध्यक्षता में एक विशेष सेल का गठन किया जा रहा है। ताकि इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और जिन्होंने पैसा लगाया है। उनका पैसा लौटाया जा सके।

### नगर निगम अधिकारियों को लगाई फटकार

# आदमपुर छावनी में घटिया निर्माण को देखकर भड़के विधायक रामेश्वर शर्मा

■ भोपाल, यशभारत।

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा मंगलवार को आदमपुर छावनी में नगर निगम द्वारा बनाए गए मकानों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मकानों की गुणवत्ता खराब मिलने पर रामेश्वर शर्मा ने नगर निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कितना खाओगे, ठेकेदार से कितनी दोस्ती निभाओगे। यदि ये घर तुमको रहने को दिया जाए, तो क्या इसमें रहोगे। इसके बाद ग्रामीणों के साथ अन्य घरों का निरीक्षण करने निकल गए। बता दें कि ग्रामीणों की शिकायत पर स्थानीय विधायक शर्मा निर्माण कार्यों का आडिट करने निकले थे। इस दौरान वो अर्जुन नगर में स्थित बंजारा बस्ती पहुंचे। यहां नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने मकानों का निर्माण कराया है। विधायक ने जैसे ही इन मकानों के फर्श को छुआ, प्लास्टर उखड़कर हाथ में आ गया। इन घरों में छत और दीवारों से भी प्लास्टर उखड़ने लगा। जिसके बाद विधायक शर्मा ने निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए संबंधित ठेकेदार से इन भवनों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके बाद यहां पर बने एक-एक मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने बताया कि यहां घर की दीवारों में दरार पड़ गई है। बर्षा के दौरान छत का पानी घर के अंदर रिसता है।



**एक करोड़ रुपये से बनाए 70 मकान**

बता दें कि आदमपुर छावनी में सूखे कचरे से चारकोल बनाने के लिए एनटीपीसी प्लांट लगाने जा रहा है। इसके लिए अर्जुन नगर बस्ती खाली कराई गई है। यहां के विस्थापितों को अर्जुन नगर नई बस्ती में शिफ्ट किया गया है। जहां नगर निगम ने एक करोड़ रुपये खर्च कर 70 मकान बनाए हैं। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान भी इन भवनों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें की गई थी। लेकिन निगम अधिकारियों ने लापरवाही दिखाई।

## गुरू रामभद्राचार्य की भविष्यवाणी

**भोपाल, यशभारत।** विधानसभा चुनावों के नजदीक आते ही अब भविष्यवाणियों का दौर भी शुरू हो गया है। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के गुरू रामभद्राचार्य ने राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल के लिए भविष्यवाणी की है। रामभद्राचार्य के अनुसार रामखेलावन पटेल दूसरी बार प्रदेश में मंत्री बनेंगे। उनकी इस भविष्यवाणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें, फरवरी महीने में राजधानी भोपाल में जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए भी भविष्यवाणी की थी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में जगद्गुरु रामभद्राचार्य से कहते सुना जा सकता है कि यहां फिर भाजपा आएगी, चाहे कुछ भी हो जाए और राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल को दोबारा मंत्री बनने का आशीर्वाद देते हुए बोले- तुमको अगली बार मंत्री बनाएंगे।

## इंदौर में 139 किलोमीटर का रिंग रोड बनाने की तैयारी, केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

■ भोपाल, यशभारत।

इंदौर के यातायात को व्यवस्थित रूप देने के लिए शिवराज सरकार 139 किलोमीटर का रिंग रोड बनाने की तैयारी में है।इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को प्रस्ताव दिया है। इस रिंग रोड के बनने से इंदौर से लगे छह जिलों के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इस मार्ग के निर्माण की प्रस्तावित लागत तीन हजार 125 करोड़ रुपये है। राज्य सरकार 25 प्रतिशत राशि भारत माला चैलेंज मोड योजना में देने के लिए तैयार है।



मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए प्रस्ताव के अनुसार शहरी विस्तार के कारण इंदौर का मौजूदा बायपास शहर की भीतरी सीमा में आ गया है, जिस पर स्थानीय वाहनों का आवागमन बहुतायत में होता है। शहर के सुनियोजित विकास एवं आर्थिक गतिविधियों को विस्तार देने के लिए नए बायपास की आवश्यकता है।

यह नया बायपास इंदौर शहर को पश्चिम-दक्षिण में अहमदाबाद-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 47 एवं पूर्व-उत्तर में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 बायपास के माध्यम से कवर करेगा। शहर के शेष एक चौथाई भाग पर भी यदि बायपास का निर्माण किया जाए तो यह शहर का 139 किलोमीटर का रिंग रोड बन जाएगा।इंदौर शहर से देश के दो बड़े राजमार्ग अहमदाबाद-नागपुर और आगरा-मुंबई गुजरते हैं।



## पुलिस की पैदल मार्च नहीं आ रहा काम, नहीं रुक रही चोरियां

■ भोपाल, यशभारत।

सूने मकानों के ताले तोड़कर मकानों को निशाने का सिलसिला लगातार जारी है। एक बार फिर नए और पुराने शहर में शातिर चोर ताले तोड़कर मकानों से कीमती सामान चुरा लिया। यह वारदात ऐसे समय पर की गई है, जब नए कमिश्नर के बाद थाना पुलिस लगातार पैदल मार्च कर रही है। इसके बाद भी इसी प्रकार की वारदात रूक नहीं रही है। पुलिस के मुताबिक सांई बोट कालोनी हबीबगंज निवासी कुमार अंकुर निजी काम करते हैं। वह घर पर नहीं थे, इस दौरान चोर घर के ताले तोड़कर घर में घुसे और कीमती सामान चुराकर फरार हो गए।पुलिस दस हजार चोरी की एफआइआर दर्ज की गई है। इसी तरह से मिसरोद विवेका अपार्टमेंट बंगरासिया में बदमाशों ने इतेश कुमार के मकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात की। इन दिनों वह बाहर हैं, उनके भोपाल आने पर चोरी की कीमत के बारे में बता पाएगे।टीलाजमालपुरा में रहने वाले हेम सिंह चंद्रवंशी सूबेदार कालोनी में रहते हैं। 16 अप्रैल को वह बाहर गए थे, इस दौरान अज्ञात चोर ताले तोड़कर घर में घुसे और चोरी की वारदात कर दी। आरोपितों की तलाश जारी है।इन दिनों चोरियों को रोकने के लिए पुलिस अंदरूनी इलाकों में गश्त कर रही है। इसके लिए पैदल भी गश्त की जा रही है। इसके बाद लगातार चोरी हो रही है।

## खुद के हाथ में चाकू मारकर नाबालिग पर रपट कराने पहुंची महिला शराब तस्करी में गिरफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल पुलिस ने महिला तस्कर के खिलाफ आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट के अलग-अलग मामले दर्जकर गिरफ्तार कर लिए हैं। जमानती अपराध होने के कारण महिला को थाने से ही मुचलके पर छोड़ दिया गया है। टीटी नगर थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी के अनुसार, पंचशील नगर निवासी चित्रा शर्मा पति अजय लोडे (26) सोमवार शाम को अपने स्कूटर से थाने पहुंची और हाथ में लगे चाकू के निशान दिखाते हुए मोहल्ले की एक नाबालिग लड़की द्वारा हमला करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि मोहल्ले की नाबालिग लड़की ने उसे चाकू मारा है। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराने का फार्म भरकर एक महिला आरक्षक के साथ जेपी अस्पताल मेडिकल के लिए भेजा। महिला आरक्षक महिला की स्कूटी चलाने के लिए उससे चाभी मांगी। महिला ने चाभी दे दी। फिर महिला आरक्षक ने कहा कि मेडिकल का फार्म दो स्कूटर की डिग्गी में रख देता हूं। महिला ने फार्म दे दिया। महिला आरक्षक ने मेडिकल का फार्म रखने के लिए जैसे ही स्कूटर की डिग्गी खोली तो उसमें खून लगा चाकू और 16 क्वॉर्टर शराब बरामद हुई। थाना प्रभारी रघुवंशी ने बताया कि इसके बाद मेडिकल कराने न भेजकर महिला से पूछताछ की जाने लगी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला मोहल्ले में शराब बेचती है।



## नेमिनाथ जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

**भोपाल, यशभारत।** श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर करोंद में स्थापित नवीन चौबीसी के पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिनालय से गाजे-बाजे के साथ धर्म-ध्वजा तले निकली शोभायात्रा में भगवान जिनेन्द्र का रजतमयी रथ प्रतीकात्मक ऐरावत हाथी के साथ सुसज्जित बघ्घियों पर प्रमुख पात्र विराजमान थे। शोभायात्रा आयोजन स्थल अयोध्या नगरी (सेफिया कालेज ग्राउंड) पहुंची। यहां पर आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि अजित सागर महाराज, मुनिश्री निर्दोष सागर महाराज, मुनि निर्लोभ सागर महाराज, मुनि निरूपम सागर महाराज, एलक दयासागर महाराज, एलक विवेकानंद सागर महाराज के सानिध्य में विधि-विधान से गुरु आज्ञा इन्द्र प्रतिष्ठा, सकलीकरण, मण्डप शुद्धि, पात्र शुद्धि आदि क्रियाऐं मंत्रोच्चार के साथ हुईं। विधानाचार्य विनय भैया, अशोक भैया, सुमत भैया के निर्देशन में याग मण्डल विधान और धार्मिक अनुष्ठान हुए। समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि ध्वजारोहण करने का सौभाग्य विनोद विपिन जैन परिवार को प्राप्त हुआ और मुख्य मंडप उद्घाटनकर्ता मनोज इंजीनियर, सीमा परिवार थे। इस अवसर पर मुनिश्री अजित सागर महाराज ने आशीषवचन में कहा कि अपने अंदर के पापों को गलाने का प्रयास किया जाए तो पंचकल्याणक सार्थक है। धर्म-ध्वजा के सानिध्य में जो भी रहता है वह साधु स्वरूप को प्राप्त कर साधुत्वता के साथ जीवन-यापन करता है। धर्म-ध्वजा, परस्पर प्रेम सद्भाव और शांति का संदेश देती है। मुनिश्री ने कहा कि चरित्र ऐसा माध्यम है जो सिद्धत्व तक की यात्रा पूर्ण करने में मुख्य भूमिका अदा करता है। जो बाहरी संसार के राग-द्वेष की क्रियाओं से दूर रहकर अंतरंग की क्रियाओं से उत्तम चरित्र का पालन करते हैं वह श्रेष्ठ आचरण का संदेश देते हैं।

## नंबर कम आने से दुखी छात्र ने फांसी लगाकर जान दी स्वजनों को रो-रोकर बुरा हाल

■ भोपाल, यशभारत।

पिताजी आइएएस बनकर आपको विदेश की सैर कराने के लिए ले जाउंगा। आपको बस देखते रहना है। अपने बेटे की इन बातों को ध्यान कर किसान खुमान सिंह की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। उनके बेटे ने मंगलवार को घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन स्वजनों के बयानों के बाद पुलिस का कहना है कि कुछ दिन पहले घोषित एक प्रतियोगी परीक्षा के नतीजे में वह चार नंबर से रह गया था, जिसको लेकर वह काफी परेशान था।मिसरोत पुलिस के मुताबिक 23 साल राघवेंद्र चौधरी दीप मोहिनी कालोनी में अपने स्वजनों के साथ में रहता था और आइएएस समेत कई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। कुछ दिन पहले ही उसका एक परीक्षा का परिणाम सामने आया था। उसमें उसके नंबर कम आए थे। उससे वह निराश था, लेकिन उसने अपनी इस निराशा को किसी के सामने नहीं रखा था। उसका बड़ा भाई दंत चिकित्सक है। सोमवार रात करीब 11 बजे वह खाना खाकर कमरे में सोने चला गया था। मंगलवार को सुबह नौ बजे जब वह सोकर खड़ा नहीं हुआ तो उसके कमरे में जाकर स्वजनों ने देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका था। इसके बाद स्वजन उसे लेकर सीधे अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में सामने आया है कि वह परीक्षा परिणाम के बाद बेहद अवसाद में था, लेकिन किसी से उसके बारे में चर्चा नहीं कर रहा था। उसके दोस्त और स्वजनों ने एक बार फिर से पूछताछ की जानी है। उसके बाद मामले में कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल मामले में जांच जारी है। उसके कमरे की एक बार और तलाशी ली जाएगी।



# मासूम के सिर में लगी चोट, सीसीटीवी फुटेज नहीं दे रहा स्कूल

**भोपाल। शहर के आईपीएस स्कूल की प्री नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले दो वर्षीय छात्र के सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया था। इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन ने स्वजनों तक को नहीं दी। घटना का पता चलते ही स्वजन बच्चे को अस्पताल ले गए, जहां से मिसरोद थाना पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद जब स्कूल प्रबंधन से उक्त मामले को लेकर सीसीटीवी फुटेज मांगे गए तो साफ मना कर दिया गया।**

प्रबंधन द्वारा घटना को दबाने का आरोप लगाते हुए स्वजनों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि मंगलवार को कलेक्टर ने जनसुनवाई ली, इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। शहर के विभिन्न हिस्सों से लगभग 65 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्यायों को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।इनमें भूमि संबंधी, अतिक्रमण, थाने में कार्रवाई नहीं करने, राहत राशि नहीं मिलने समेत अन्य शामिल हैं। कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत करते हुए हरिपुरम कालोनी मिसरोद निवासी सीमांत गुप्ता ने बताया कि उनका दो वर्षीय बेटा अर्शिव गुप्ता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मिसरोद में प्री नर्सरी कक्षा में पढ़ाई करता है। उनकी पत्नि 28 मार्च को बच्चे को स्कूल लेने गई तो उसके सिर में चोट लगी हुई थी।इससे उसने प्रिंसिपल दीप्ति सिंह से मिलने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिल सकी। वह बच्चे को घर ले आई तो हम एम्स अस्पताल ले गए, जहां से डाक्टर ने पुलिस को सूचना दे दी। इस मामले में हमने स्कूल से सीसीटीवी फुटेज मांगे तो उन्होंने न तो दिखाए और न ही दिए हैं। इस तरह स्कूल प्रबंधन द्वारा मामला दबाया जा रहा है। कलेक्टर ने मामले की जांच करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।



### प्रिंसिपल बोलीं नहीं है गंभीर मामला

आईपीएस स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति सिंह ने बताया कि प्री नर्सरी में पढ़ने वाला बच्चा अर्शिव दूसरे बच्चे का धक्का लगने से गिर गया था। इस वजह से उसके सिर में चोट लगी है। मुझे जब घटना पता चली तो मैंने स्वजन व पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दिखा दिए थे। कुछ फुटेज ओवरलेपिंग हुए हैं, हमारे द्वारा कोई मामला नहीं दबाया जा रहा है। अभिभावक जितना बड़ा मामला समझ रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है। बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। देखरेख के लिए दो -दो शिक्षिका मौजूद रहती हैं।

## ईंटखेड़ी के विद्यालय का होगा वीर विनायक सावरकर के नाम पर नामकरण

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के सभी विद्यालयों में महान क्रांतिकारियों के नाम का उल्लेख बोर्ड पर पहले किया जाएगा। यह बात स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को नव निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का ईटखेड़ी में लोकार्पण के दौरान कही। मंत्री ने एक करोड़ 75 लाख की लागत से नवनिर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का ईटखेड़ी में लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री ने विद्यालय के चार होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के हर कोने में बच्चों की शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था कर रही हैं।

## मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना में एक करोड़ से ज्यादा पंजीयन

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ से अधिक महिलाओं ने अपना पंजीयन कराया है। योजना में 23 से 60 वर्ष तक की ऐसे परिवार की महिलाएं पात्र हैं जो आयकरदाता नहीं है। परिवार में पांच एकड़ से अधिक भूमि और घर में चार पहिया वाहन नहीं होना चाहिए। पंजीयन 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। पंजीयन प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हुई थी। भोपाल संभाग में 10 लाख 75 हजार 918, चंबल में पांच लाख 80 हजार, ग्वालियर में नौ लाख नौ हजार , नर्मदापुरम में चार लाख 36 हजार, इंदौर में 16 लाख 60 हजार, जबलपुर में 17 लाख 79 हजार, रीवा में नौ लाख 472, सागर में 10 लाख 95 हजार, शहडोल में तीन लाख 43 हजार और उज्जैन संभाग में 12 लाख 71 हजार महिलाओं ने पंजीयन कराया है। पंजीयन प्रक्रिया में प्रत्येक आवेदक का ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। आवेदनों का मई में परीक्षण होगा और 10 जून से पात्र हितग्राहियों के खाते में एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह आने लगेंगे।

# जिला अस्पताल में हुए 1340 सीजेरियन ऑपरेशन

## दिख रहा कलेक्टर के सख्त रवैए का असर, डिलेवरी केस बढ़ने पर जिला अस्पताल प्रबंधन को दी बधाई

**कटनी,यशभारत।** मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने और संस्थागत प्रसव बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा की जा रही सतत मॉनिटरिंग और कुशल रणनीति के सार्थक और उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। एक ओर जहां संस्थागत प्रसव में उत्साहजनक वृद्धि हुई है वहीं जिला अस्पताल से प्रसूताओं को रेफर किए जाने के मामलों में भी कमी परिलक्षित हो रही है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जनहित में समुचित उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास और सूक्ष्म निगरानी के फलस्वरूप जिला अस्पताल में प्रसव संपादन के सफल मामलों में जहां उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। जिनमें कई जटिल प्रसव ऑपरेशन भी अब जिला अस्पताल में संभव हुए हैं।

### जिला अस्पताल में प्रसव की संख्या में आई उत्साहजनक वृद्धि, रेफरल मामले घटे




कलेक्टर अवि प्रसाद की सतत मॉनिटरिंग और सख्त कार्यवाहियों के परिणाम स्वरूप जिला चिकित्सालय में संपादित होने वाली प्रसव सेवाओं की संख्या और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि परिलक्षित हुई है। विशेषकर प्रसव जांचों और प्रसूताओं के बेवजह रेफरल प्रकरणों पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बरती गई गंभीरता के कारण पहली बार जिला चिकित्सालय में सर्वाधिक सीजेरियन प्रसव ऑपरेशन दर्ज हुए हैं। जिला चिकित्सालय में वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक 1340 सीजेरियान ऑपरेशन किए गए। जबकि पूर्व के वर्षों में सीजेरियन ऑपरेशन से संबंधित अधिकांश मामलों में प्रसूताओं को रेफर कर दिया जाता था। इन 1340 सीजेरियन ऑपरेशन में 104 रात्रिकालीन शल्य क्रिया भी शामिल है।



### अंतिम तीन माह में हुई 381 डिलेवरी

1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक 381 प्रसव जिला अस्पताल में कराए गए हैं। जबकि वर्ष 2022 में इसी अवधि में महज 261 प्रसव कराए गए थे। शुरुआती 3 माह में ही गत वर्ष की तुलना में 31.5 प्रतिशत अधिक डिलेवरी कराई जा चुकी हैं।

### कारगर साबित हो रही रणनीति

सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और मातृ - शिशु मृत्यु दर को कम करने कलेक्टर द्वारा लगातार सतत निगरानी रखकर लापरवाह आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम से लेकर नर्सिंग स्टाफऔर चिकित्सकों पर की जा रही कार्यवाही का ही परिणाम है कि जिला अस्पताल में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सीजेरियन प्रसव ऑपरेशन संभव हो सके। जबकि पूर्व के वर्षों में ऐसे प्रकरणों में प्रसूताओं को रेफर कर दिया जाता था। उल्लेखनीय है कि बिना किसी गंभीर कारण के, अपर्याप्त जांच और बेवजह प्रसूताओं को रेफर किए जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा निरंतर सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध जांच और अन्य कार्यवाही की जा रही है। अब तक कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ऐसे प्रकरणों में 39 एएनएम, 2 स्टॉफ नर्स और 10 चिकित्सकों जिनमें बीएमओ और महिला चिकित्सक भी शामिल हैं उन्हें नोटिस थमाया जा चुका है।

### संसाधनों में भी हो रहा इजाफा

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला चिकित्सालय में कई अन्य संसाधन और सेवाएं शुरू कराई जा रही हैं। नए एमसीएच भवन में 2 अन्य मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनने के बाद अब मातृ शिशु सेवाएं अब और अधिक सुरक्षित होंगी। जिन्हें जल्द शुरू कराया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में सुरक्षित प्रसव की संख्या में हुई उत्साहजनक वृद्धि के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा सहित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी है।




# समस्त स्कूलों के संचालन का समय दोपहर 1 बजे तक

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**कटनी,यशभारत।** जिले मे गर्मी के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। इसके अनुसार जिले के सभी स्कूलों का संचालन अब प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नें मंगलवार को एक आदेश जारी कर जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय व जवाहर नवोदय विद्यालय, सी.बी.एस.ई. स्कूलों के संचालन व्यवस्था 30 अप्रैल 2023 तक यह आदेश प्रभावशील रहनें के निर्देश दिए है।

# कलेक्टर ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र किया घोषित

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने मंगलवार को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986, संशोधन अधिनियम 2002 में धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय व शहरी क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से 31 जुलाई या आगामी आदेश तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतो में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल उपयोग नही करेगा।



जिले के समस्त विकासखंडो एवं नगरीय व शहरी क्षेत्रों में समस्त नदी, नालों स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतो का उपयोग घरेलू प्रयोजन हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किया गया है। नवीन नलकूप के निर्माण के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य होगी, शासकीय नलकूप खनन पर उक्त आदेश लागू नहीं होगा। निजी भूमि पर नलकूप खनन कराने हेतु निर्धारित प्रारूप एवं शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देना होगा। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही कर अनुमति हेतु संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अनुशंसा प्राप्त करेगें, आवश्यकता पडनें पर जनहित मे संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अधीन निश्चित अवधि के लिए अधिग्रहण कर सकेगें। जिले में यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाशील हो गया है। आदेश का उल्लंधन करने वालों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा -9 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# जनसुनवाई में 107 आवेदकों ने अधिकारियों को सुनाई समस्याएं

## सीईओ एवं डिप्टी कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई कर दिए निराकरण के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई मे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जिलेभर के 107 आवेदकों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए अपने आवेदन अधिकारियों को दिया। मंगलवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ श्री शिशिर गेमावत ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्यायें को सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, एस.डी.एम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह नें भी जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में पहुंचीं तहसील बड़वारा की सुमन बर्मन द्वारा भूमि के सीमांकन संबधी प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार बड़वारा की ओर प्रकरण पर कार्यवाही करनें हेतु आवेदन प्रेषित किया गया। ग्राम भनपुरा नंबर 1 निवासी सत्तो बाई बेडिया के दलालों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर भूमि को चोरी छिपे विक्रय किये जानें संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर एस.डी.एम कटनी को प्रकरण पर जांच कर उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। भूमि संबंधी एक अन्य प्रकरण में आवेदक नंदकिशोर साहू ग्राम धूरी तहसील बहोरीबंद द्वारा आवेदक की जमीन से



कब्जा हटानें संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार स्लीमनाबाद को प्रकरण पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। रामचरण केवट ग्राम हिनौता तहसील विजयराघवगढ द्वारा आवासीय पट्टा प्रदान करनें हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार विजयराघवगढ़ की ओर नियमानुसार कार्यवाही हेतु आवेदन प्रेषित किया गया। तहसील रीठी ग्राम गुरजीकला से जनसुनवाई में पहुंचे कालूराम विश्वकर्मा द्वारा बिजली बिल में सुधार हेतु प्रस्तुत आवेदन पर कार्यवाही हेतु बैठक में उपस्थित विद्युत मंडल के अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रेषित कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मोहास निवासी मोहन लाल चौधरी द्वारा रक्षक कंपनी के सुपरवाइजर से बकाया राशि दिलानें संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर कार्यपालन यंत्री एम.पी.ई.ओ ग्रामीण को आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में इंदिरा गांधी वार्ड निवासी सरोजिनी किसपोट्टा द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाने, रीठी सरपंच हन्नीफ खान द्वारा रीठी में बोर में मशीन डालकर पाईप लाईन से टंकी को जोड़कर पानी की समस्या के निराकरण बावत, ग्राम पटवारा निवासी राम जी पटेल की नक्शा बटांकन की कार्यवाही न किये जानें बावत, ग्राम खड़ौला निवासी प्रीतम सिंह गौंड द्वारा ग्राम की तलैया में निस्तार चालू करानें संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा सहित महिला बाल विकास, जिला पंचायत, सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# जिले में अब तक बदले जा चुके 713 ट्रांसफार्मर



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पात्र ट्रांसफर्मरों को वरीयता क्रम से बदलने के निर्देश प्रदान किए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में विगत दिवस ग्राम कुठिया महगवां में 25 के.वी.ए ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की गई। इस तरह 26 नवंबर से विगत दिवस तक लगभग 143 दिनों में कुल 713 नग पात्र ट्रांसफार्मरों को बदलनें की कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यपालन अभियंता संचा- संधा संभाग मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने बताया कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष पात्र ट्रांसफार्मरों को भी समयावधि में बदलने की कार्यवाही की जा रही है, यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# महिलाओं को नर्सरी प्रबंधन एवं जैविक कीटनाशक निर्माण का दिया प्रशिक्षण

**कटनी,यशभारत।** पौधशाला में पौधे तैयार करना आसान एवं सस्ता तरीका है। इससे मेहनत लागत व्यय समय इत्यादि सभी की बचत हो जाती है। सब्जियों के पौधे तैयार करने से लाभ पौधशाला के लिए स्थल चयन पौधशाला की तैयारी भूमि एवं बीज उपचार ऊंची ऊंची हुई क्यारी समतल क्यारी बीज बोने की छिटकवा एवं कतार में बोनी बीजों एवं क्यारियों को ढकना सिंचाई खरपतवार नियंत्रण पदगलन एवं विषाणु रोग की तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया विभिन्न सब्जियों की कृषि कार्य माला की जानकारी दी गई। जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र नीम की पत्ती पांच पत्ती काढ़ा बनाने एवं फसलों में उपयोग के विषय में बतलाया गया। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारितलाई भवन में स्व सहायता समूह की महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक मनोहर लाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सविता पटेल ममता पटेल अनुसुइया करुणा मीना एवं अनिता चौधरी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।




# जवाहर नवोदय की प्रवेश चयन परीक्षा 29 अप्रैल को

**कटनी,यशभारत।** जिले के समस्त छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को जानकारी देते हुए प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने बताया कि दिनांक 29 अप्रैल 2023 को कक्षा 6 वीं मे प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2023 का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र लिंक https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs?AspxAutoDetectCookieSupport=1navodaya.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों मे प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र सहित समयानुसार उपस्थित होने के निर्देश प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा ने दिए है।

# अंकित मूल्य पर ही पुस्तकें करें विक्रय- प्रिया चंद्रावत

## बैठक में दी गई उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम व प्रावधानों की जानकारी

### पाठ्य पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेताओं की बैठक संपन्न

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को एस.डी.एम. कटनी श्रीमती प्रिया चंद्रावत ने अधिकारियों और पाठ्य पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेताओं की बैठक कर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और प्रावधानों की जानकारी दी । एस.डी.एम प्रिया चंद्रावत ने निर्देशित किया कि पाठ्य पुस्तकों मे अंकित मूल्य पर ही पुस्तकें विक्रय की जावे। इसी प्रकार गणवेश, जूते एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री भी उचित मूल्य पर ही बिक्री की जाय। साथ ही इन सभी सामग्रियों की दर सूची प्रतिष्ठानों व दुकानों में सूचना पटल पर चस्पा किया जावे। एस.डी.एम ने प्रतिष्ठानों व दुकान संचालकों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर गठित जांच दल को शिकायत पाये जाने पर जांच कार्य में पूर्ण सहयोग करना होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने निजी शालाओं और शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा विनिर्दिष्ट दुकान से पाठ्य सामग्री, यूनिफार्म व स्टेशनरी क्रय करने बाध्य किये जाने के मामले पर अंकुश और प्रभावी नियंत्रण लगानें के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही के निर्देश जारी किये है। साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की है जो उपभोक्ता संगठन और अन्य स्तर से प्राप्त शिकायत के मामलों की जांच करेगी। बैठक में बी.आर.सी मनोज गौतम, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द पटेल, बी.ई.ओ एम.पी डुंगडुंग तथा पाठ्य पुस्तक विक्रेता और दुकान संचालक मौजूद रहे।



# कांग्रेस का संदेश यात्रा रथ कटनी पहुंचा

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का संदेश आम आदमी तक पहुचाने के लिये मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस महामंत्री पवन कुमार पटेल के संयोजन में राहुल - कमलनाथ संदेश यात्रा का रथ कटनी पहुंचा। स्थानीय जगन्नाथ चौराहे में कांग्रेस की नुक्कड़ सभा का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी शहर विक्रम खम्परिया की अध्यक्षता में किया गया। आमसभा को सम्बोधित करते हुये श्री पटेल ने कहा कि काला धन वापस लाने का दावा किया गया था उसका क्या हुआ, दो करोड़ बेरोजगारो को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वायदा किया गया था उसका क्या हुआ। श्री पटेल ने कहा कि



अगर अपने जीवन में प्रधानमंत्री ने सचमुच में चाय बेची होती तो वह गरीब का दर्द समझते, 10 लाख का शूट न पहनते। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने कहा कि अगर हम इस देश के लोकतांत्रिक ढाचे को और भारत के संविधान को बचाना चाहते है तो हमें आपसी भेदभाव भुला कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारूफ अहमद हनफी, मप्र कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि द्वय मनु दीक्षित एवं रौनक खंडेलवाल, राजीव गांधी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल पांडेय, माधवनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पार्षद ईश्वर बहरानी, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष पूर्व पार्षद राजेश जाटव, पूर्व पार्षद प्रशांत जायसवाल, विनोद छिरौलिया, जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष नारायण निषादए जिला कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शेखर भारद्वाज, डॉ. सनत तिवारी, जिला कांग्रेस उपभोक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवीदीन गुप्ता, संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, अंकित सिंघानिया, रमेश अहिरवार, डॉ. सुरेंद्र तिवारी, दीपक केशरवानी, सूर्यकांत कुशवाहा, अजय गौंटिया, विकल पुरुस्वानी, आकाश वर्मा, प्रकाश निषाद, विवेक अग्रवाल, नीरज मिश्रा, ब्रजेश गौतम साजिद खान, गया प्रसाद तौहेल, दिलदार खान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 14th April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 14 to 20 April,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| Tu Jhoothi main Makkaar | 1.30.00 PM |
| Tu Jhoothi main Makkaar | 4.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 7.30.00 PM |
| Lakhi Muhinjo Lakhan Main Sindhi | 10.15.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| John Wick Chapter 4 2D Hindi | 1.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 4.00.00 PM |
| Bholaa 2D Hindi | 7.00.00 PM |
| Bholaa 3D Hindi | 10.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| Bholaa 2D Hindi | 12.00.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 2.45.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 5.15.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 7.30.00 PM |
| Chipkali 2D Hindi | 10.30.00 PM |

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# WTC फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान भारत के खिलाफ उतरेंगे ये खतरनाक खिलाड़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है। इस हाईवोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम होने वाली है। पिछली बार इसी मुकाबले में न्यूजीलैंड से हारने वाली टीम इंडिया इस साल ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब अपने नाम करना चाहेगी। इसी बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दें कि इस बड़े मुकाबले के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का ऐलान

भारत दौरे पर पहले दो टेस्ट मैचों के बाद स्वदेश लौटे पैट कमिंस की एक बार फिर ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री हो चुकी है। बता दें कि ये खिलाड़ी WTC फाइनल में टीम की कमान संभालने वाला है। वहीं यही टीम इंग्लैड के खिलाफ एशेज सीरीज में भिड़ने वाली है। टीम की वाइस कप्तानी स्टीव स्मिथ को सौंपी गई है। स्मिथ ने हाल ही में भारत दौरे पर दो मैचों के लिए टीम की कमान भी संभाली थी।

### स्टार खिलाड़ियों से सजी है टीम

इस बड़े मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम में कई घातक खिलाड़ियों को शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी लाइन अप में स्कॉट बोलैंड, जोस हेजलवुड, जोस इंग्लिस, नाथन लॉयन और टॉड मर्फी को शामिल किया गया है। वहीं मिचेल मार्श और कैमरन ग्रीन के रूप में दो ऑलराउंडर्स को भी इस टीम में शामिल किया गया है। गेंदबाजी लाइन अप की अगुआई मिचेल स्टार्क करेंगे।

### टीम में कई शानदार बल्लेबाज

वहीं टीम की बल्लेबाजी के ओर देखें तो स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैथ्यू रैनशॉ, मार्कस हैरिस और डेविड वॉर्नर को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम के विकेटकीपर एलेक्स कैरी होंगे।

### WTC फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (वाइस कैप्टन), डेविड वॉर्नर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोस हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोस इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, मिचेल स्टार्क।

# कार हादसे का शिकार हुए भारतीय कोच, मौके पर हुई पत्नी की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में आए दिन कार दुर्घटना की खबरे सामने आती रहती हैं। इसी बीच एक भारतीय कोच भी कार दुर्घटना में बूरी तरह से घायल हो गए हैं। इस हादसे में वह बूरी तरह से घायल हो गए हैं। तेज रफ्तार कारों के बीच हुई टक्कर की तस्वीरें बेहद दर्दनाक हैं। इस कार दुर्घटना एक मौत भी हुई है। ये कार रणजी क्रिकेट कोच प्रवीण हिंगनिकर की है।

### पत्नी ने गंवाई जान

प्रवीण हिंगनिकर एक भयानक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जब एक तेज रफ्तार कार ने आयशर को टक्कर मार दी। इस हादसे में हिंगणीकर की पत्नी सुवर्णा हिंगणीकर की मौके पर ही मौत हो गई। पुणे से नागपुर जाते समय बुलढाणा जिले में समृद्धि हाईवे के पास मेहकर पर हादसा हुआ। घायल हिंगणीकर को इलाज के लिए मेहकर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में हिंगणीकर की कार क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रवीण हिंगनिकर को हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में क्यूरेटर के रूप में चुना गया था।



### हाल ही में भारतीय क्रिकेटर का भी हुआ था हादसा

टीम इंडिया के ऋषभ पंत भी हाल ही में एक कार हादसे का शिकार हुए थे। इस हादसे में वह बाल-बाल बच गए। ऋषभ इस हादसे में बूरी तरह से घायल हो गए थे। पिछले साल दिसंबर में हुए इस कार हादसे के बाद से ऋषभ पंत अभी तक क्रिकेट के मैदान पर नहीं लौट सके हैं। ऋषभ पंत कब तक पूरी तरह से फिट हो सकेंगे यह कह पाना बेहद मुश्किल है। इस होने वाले वर्ल्ड कप तक भी उनका लौट पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

### राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता

# रानीताल स्पोर्ट्स जबलपुर सिरमौर



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश कबड्डी संघ द्वारा मान्यता प्राप्त एवं अहिंसा क्लब मेरे गांव द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता रानीताल स्पोर्ट्स जबलपुर ने जीत ली है। कबड्डी संघ सचिव सोनू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 22 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता में निर्णायक मुकाबले में रानीताल स्पोर्ट्स जबलपुर ने अहिंसा क्लब मेरे गांव को हराकर चमचमाती ट्रॉफी एवं 21000 पर कब्जा किया। मेरे गांव को उपविजेता होने पर 15000 एवं ट्राफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रेडर अहिंसा क्लब मेरे गांव के हरदौल, लकी बेस्ट कैचर के लिए रानीताल स्पोर्ट्स के विनय कुमार को, जबकि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए रानीताल स्पोर्ट्स के संजीव कुमार को पुरस्कृत किया गया। रानीताल कबडडी कोर्ट में आयोजित एक साधारण समारोह में विजेता टीम का स्वागत किया गया। संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पप्पू, सरंक्षक डॉ अमित साहू, संयोजक जबलपुर कारपोरेशन कबड्डी प्रदीप जटिया ने बधाई दी।

# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों का सामान चोरी, इन प्लेयर्स के लाखों के बल्ले हुए गुम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2023 के दौरान रविवार को देश की राजधानी में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों के किट बैग से पैड, जूते, थाई-पैड और दस्ताने समेत कुल 16 बल्ले गायब हो गए। उसी दिन एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच खेलने के बाद टीम ने बैंगलोर से उड़ान भरी थी।

### इन खिलाड़ियों के सामान गायब

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ियों के किट बैग से चुराए गए बल्ले में कप्तान डेविड वार्नर के तीन, ऑलराउंडर मिशेल मार्श के दो, विकेटकीपर-बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तीन और युवा खिलाड़ी यश ढुल के पांच बल्ले शामिल हैं। कुछ अन्य खिलाड़ियों के जूते, दस्ताने और अन्य क्रिकेट खेलने के सामान खो गए हैं। विदेशी खिलाड़ियों के बल्ले की कीमत करीब एक लाख रुपये है।

### शिकायत हुई दर्ज

खिलाड़ियों को नुकसान के बारे में उस दिन पता चला, जिस दिन उन्हें अपने-अपने कमरे में किट बैग मिले थे। इसके बाद मामला फ्रैंचाइजी के अधिकारियों तक पहुंचा, जिन्होंने उनके किट बैग से बड़े पैमाने पर चोरी



की शिकायत दर्ज कराई। दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को किसी तरह अभ्यास सत्र कराने में सफल रही। उनमें से कुछ ने अपने एजेंटों से संपर्क किया और अपनी बैट कंपनियों से अनुरोध किया कि अगले गेम से पहले उनमें से कुछ को भेज दें। दिल्ली कैपिटल्स के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि ÷वे सभी चौंक गए जब उन्होंने सुना कि सभी के किट बैग से कुछ न कुछ खो गया है। यह पहली बार है जब इस तरह की घटना हुई है और मामले को जल्द ही लॉजिस्टिक विभाग, पुलिस और बाद में हवाईअड्डे पर बताया गया। वहीं इसे लेकर जांच जारी है।

### क्या बोले अधिकारी

डीसीपी (एयरपोर्ट) देवेश कुमार महला ने बताया कि दो लोग मंगलवार शाम को आईजीआई एयरपोर्ट पर आए और उन्हें बताया कि उनके बैग से उनकी किट गायब है। ÷हमारे अधिकारी ने उन्हें सभी विवरणों के साथ एक शिकायत लिखने के लिए कहा और उन्हें एक कागज दिया। उन्होंने कहा कि वे सभी विवरण प्राप्त करेंगे और शिकायत दर्ज करेंगे। उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आईपीएल फ्रैंचाइजी एक लॉजिस्टिक कंपनी को किराए पर लेती है जो यह सुनिश्चित करती है कि टीम किट बैग और बड़े सामान को अगले डेस्टिनेशन के लिए सुरक्षित रूप से पहुंचाया जाए। खिलाड़ियों को हर खेल के बाद अपने किट बैग को अपने कमरे के बाहर रखना होता है और लॉजिस्टिक्स कंपनी इन किट बैगों के ट्रांजिट का ध्यान रखती है। खिलाड़ी अपने किट बैग अपने कमरे के बाहर उस स्थान पर प्राप्त करते हैं जहां उन्होंने यात्रा की है। हालांकि, यह पहली बार है जब किसी आईपीएल फ्रैंचाइजी ने ट्रांजिट में क्रिकेट खेलने के कुछ चीजों को खो दिया है और फ्रैंचाइजी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह कहां हुआ।

# टीम इंडिया के लिए खेल सकता है मुंबई इंडियंस का ये युवा बल्लेबाज, रोहित शर्मा ने किया इशारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने 14 रनों से जीत हासिल की। मुंबई की इस जीत में एक बार फिर से टीम के युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा का काफी योगदान रहा। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने भी उनकी सराहना की।

### तिलक वर्मा ने मुश्किल परिस्थिति में बनाए तेजी से रन

हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने एक साथ इशान किशन और सूर्यकुमार यादव का विकेट गंवा दिया था। जिसके बाद तिलक वर्मा आए और तेजी से रन बनाने लग गए। उन्होंने मात्र 17 गेंदों पर 37 रन बनाए और 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए।

### रोहित शर्मा ने किया इशारा

मैच के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने तिलक वर्मा की जमकर तारीफ की। एक तरह से उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वे भविष्य में टीम इंडिया में जगह पा सकते हैं। रोहित ने कहा, ÷हमने तिलक वर्मा को पिछले सीजन में देखा था। हम सब जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। मुझे उनका दृष्टिकोण पसंद है। वह गेंदबाज को नहीं खेलते, बल्कि वह गेंद को खेलते हैं। (रोहित ने स्माइल के साथ कहा) हम जल्द उन्हें कुछ अन्य टीमों के लिए खेलते हुए देखेंगे। हालांकि उन्होंने टीम इंडिया का नाम नहीं लिया लेकिन इशारा उसी ओर नजर आता है।

### हैदराबाद आकर बेहद खुश हैं रोहित

मैच के बाद रोहित शर्मा ने डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद के साथ बिताए गए 3 सालों को भी याद किया और कहा कि 'यहां (हैदराबाद में) मेरी काफी यादें जुड़ी हैं। मैंने यहां तीन साल खेला। ट्रॉफी भी जीती। यहां वापस आना अच्छा है। उन्हें (युवाओं को) सेटल करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पहले आईपीएल नहीं खेला था। हमें उन्हें बैक करना पड़ा। वे लय पकड़ रहे हैं।

## रंग संसार

# बॉलीवुड गॉसिप लेकर लौट रहे हैं करण आलिया-रणबीर बनेंगे मेहमान?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करण जौहर अपने लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण' के आठवें सीजन के साथ वापसी करने को बेताब है. टॉक शोज़ में करण जौहर का शो कॉफी विद करण सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला शो है. हर सीज़न में इसमें करण के बुलावे पर बॉलीवुड के टॉप एक्टर और एक्ट्रेस शामिल होते हैं और अपनी ज़िंदगी से जुड़े किस्से शेयर करते हैं. गेस्ट से लेकर करण जौहर के सवाल और मेहमानों के खुलासे, सब कुछ फैंस का खूब ध्यान खींचते हैं. अब चर्चा है कि 'कॉफी विद करण' का आठवां सीजन जल्द शुरू होगा. साथ ही निजी जिंदगी के बारे में कई सारे मजेदार बातें होती हैं. ऐसे में अब इस मशहूर शो का नया सीज़न आने वाला है. इसके साथ ही शो का ओपनिंग एपिसोड काफी धमाकेदार होने वाला है ऐसी भी खबरें आ रही हैं. मिडडे की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि करण का ये शो जून के एंड में शुरू होने वाला है.



खास बात ये है कि इसके ओपनिंग एपिसोड में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के आने की बात कही जा रही है. रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से कहा गया है कि करण जौहर इस नए सीज़न की शुरूआत आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की जोड़ी के साथ करना चाहते हैं. करण का मानना है कि लोग आलिया की शादी और पैरेंटहुड के बारे में जानने के लिए बेताब हैं. इसलिए वो उन दोनों को शो में बुलाना चाहते हैं. बता दें आलिया पिछले वाले सिजन में अपने को-स्टार रणवीर सिंह के साथ आई थी.

### क्या किंग खान भी बनेंगे मेहमान

पिछले सीजन में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह पहले एपिसोड में नजर आए थे. वहीं, शाहरुख खान शो से गायब थे. करण जौहर ने सीजन 8 के लिए करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा सहित अन्या जाने-माने स्टार्स को बुलाने की प्लानिंग की है. इस फेमस शो का नया सीजन जून के अंत से ऑनलाइन स्ट्रीम होगी. हालांकि अभी तक इस खबर पर मुगर नहीं लगी है. ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाले इस शो का इंतज़ार दर्शकों को भी रहता है. चैट शो के सीज़न 7 ने भी काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

# हनी सिंह का गर्लफ्रेंड टीना थडानी संग हुआ ब्रेकअप! सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाबी रैप और बॉलीवुड के मशहूर सिंगर हनी सिंह एक बार फिर से अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में आ गए हैं. दरअसल उनकी लव लाइफ की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं. पत्नी शालिनी तलवार से अलग होने के बाद हनी सिंह को बीते साल टीना थडानी के प्यार में गिरफ्तार हुए थे, लेकिन अब वो रिश्ता भी खत्म हो चुका है. ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया जा रहा है. रिपोर्ट्स की मानें तो लगभग एक साल तक डेट करने के बाद यो यो हनी सिंह और मॉडल टीना थडानी के रास्ते अलग हो गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक़, हनी सिंह और टीना थडानी ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है. इतना ही नहीं, उन्होंने एक-दूसरे के साथ वाली पोस्ट तक डिलीट कर



दी है. मीडिया में आई रिर्पोट की मानें तो हनी और टीना का ब्रेकअप इसी महीने की शुरुआत में हुआ है। दोनों लगभग एक साल तक एक-दूसरे के साथ थे. हनी ने टीना के साथ कई फोटोज और वीडियोज भी शेयर किए थे, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय रहे थे. बता दें हनी और टीना के बीच साथ काम करने के दौरान नजदीकियां आई थीं. इसके बाद अप्रैल 2022 से दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे थे.

### हनी सिंह ने कहा अब प्यार में नहीं हूं

हनी और टीना की राहें क्यों अलग हुई? इसे लेकर दोनों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. लेकिन मीडिया रिपोर्ट की मानें तो दोनों फिलहाल अपने करियर पर ध्यान देना चाहते हैं. इसके साथ ही हाल ही में पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में हनी ने कहा था कि 'आने वाले एलबम में उन्हें काफी बदलाव करना पड़ा क्योंकि तब वे प्यार में थे, लेकिन अब वो प्यार ही नहीं रहा.' यानी हनी पहले ही ब्रेकअप को लेकर इशारा कर चुके थे. आपकी जानकारी के लिए बता दें 15 मार्च 1983 को जन्में हनी सिंह की साल 2011 में शालिनी तलवार संग शादी हुई थी. साल 2022 में दोनों एक दूसरे से अलग हो गए थे।

# सामंथा फिल्म चलाने के लिए ड्रामा कर रही है, प्रोड्यूसर चिट्टी बाबू ने एक्ट्रेस पर कसा तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्म 'शाकुंतलम' को लेकर लगातार चर्चा में चल रही हैं. हालांकि फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पांस नहीं मिल रहा है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है. इस बीच एक्ट्रेस को लेकर साउथ फिल्मों के प्रोड्यूसर, राइटर और डायरेक्टर चिट्टी बाबू ने अपने हालिया इंटरव्यू में सामंथा को लेकर तंज कसते हुए कहा है कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है, और अब वह दोबारा स्टारडम नहीं पा सकती हैं. चलिए जानते हैं सामंथा को लेकर अब तक डायरेक्टर चिट्टी बाबू ने क्या कुछ कहा है. इसी बीच में साउथ के निर्देशक चिट्टी बाबू ने अपने हालिया इंटरव्यू में सामंथा को लेकर तंज कसते हुए कहा है कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है और अब वह दोबारा स्टारडम नहीं पा सकती हैं.



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने यह दावा सामंथा के फिल्म प्रमोशन के तरीके को देखकर कहा. यही नहीं, उन्होंने सामंथा पर यह भी आरोप लगाया कि फिल्म को प्रमोट करने के लिए अपनी बीमारी और हेल्थ कंडीशन का इस्तेमाल कर रही हैं. साउथ के फेमस प्रोड्यूसर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने एक रीजनल चैनल को दिए इंटरव्यू में आगे कहा कि 'सामंथा का वजन पहले से घट गया है. वह बीमार हो गई थीं और हर फिल्म के लिए ड्रामा कर रही हैं. त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू का कहना है कि सामंथा की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरें और वीडियो, सब पब्लिसिटी स्टंट हैं. त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने कहा कि आज के समय में बहुत से एक्टर्स हैं जो बीमारी में भी काम करते हैं और कभी पब्लिकली आकर कुछ नहीं कहते. त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू का मानना है कि सामंथा अपना चार्म और स्टारडम खो चुकी हैं. चिट्टी बाबू से पूछा गया कि सामंथा फिल्म 'शाकुंतलम' के प्रमोशन के दौरान काफी इमोशनल लग रही थीं. इसपर उन्होंने कहा कि यह नकली था. सामंथा बता रही थीं कि शकुंतला बनने के लिए उन्हें क्या कुछ सहना पड़ा, लेकिन सभी एक्टर्स ऐसा करते हैं और उन्हें किरदार में घुसने के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है. 'यशोदा' के प्रमोशन के दौरान भी ऐसा ही था, यह सही नहीं है।

# बॉलीवुड का ये हिट हीरो बना विलेन, नेगेटिव किरदारों को निभाकर हो रहा फेमस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदी सिनेमाजगत में इन दिनों नए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है ऐसे में बॉलीवुड के पुराने सितारों को अपनी जगह बनाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है। एक तरफ जहां शाहरुख खान ने फिल्म पठान में हीरो बनने के लिए जिम में खूब पसीना बहाया और जबरदस्त बॉडी बनाई तो दूसरी तरफ सलमान खान भी अपनी फिल्मों में एक्शन करते दिखाई देने वाले हैं। ऐसे में बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो सैफ अली खान ने हीरो बनने की जगह खुद को नए सांचे में ढालना यानी विनेन के किरदार निभाना शुरू कर दिया है। शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी के बड़े बेटे सैफ अली खान ने 90 के दशक में अपने फिल्मी करियर का चरम देखा है। सैफ अली खान ने अपने अब तक के करियर में ऐसे-ऐसे किरदार निभाए हैं जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं। सैफ की जोड़ी प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी के साथ दर्शकों को खूब पसंद आई। फिल्मों में चॉकलेटी हीरो लेकर एक्शन हीरो तक के किरदार निभा चुके सैफ अली खान अब लगातार विलेन के किरदार में दर्शकों को नजर आने वाले हैं। सैफ अली खान अपनी अगली फिल्म आदिपुरुष में रावण का नेगेटिव किरदार निभा रहे हैं, इसके साथ ही उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म NTR 30 भी साइन की है, जिसमें सैफ अली खान जूनियर एनटीआर के अपोजिट विलेन बनने वाले हैं। 52 की उम्र में सैफ अली खान को दर्शक विलेन के किरदार में पसंद कर रहे हैं। अजय देवगन की डायरेक्टर ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म तान्हाजी~दि अनसंग वॉरियर में भी सैफ ने विलेन उदयभान सिंह राठौड़ का किरदार निभाया था। इस किरदार में सैफ ने ऐसी जान फूंकी थी कि पहली नजर में दर्शक सैफ अली खान को पहचान ही नहीं पाए थे।

# शहनाज गिल को उनके ही फिल्म के प्रीमियर से कर दिया गया था बाहर, फूट-फूटकर रोई थीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शहनाज गिल इन दिनों अपनी डेब्यू हिंदी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर सुर्खियों में हैं, आए दिन फिल्म से या एक्ट्रेस से जुड़ी बाते सामने आती रहती हैं. हालांकि शहनाज आज जिस मुकाम पर हैं उन्हें वहां तक पंहुचने के लिए बहुत साल लगे हैं और शहनाज गिल कई बार अपने स्ट्रगल के बारे में बता चुकी हैं. वहीं अब पंजाब की कैटरीना शहनाज गिल ने बताया कि कैस जब उन्होंन अपना काम शुरू किया था तो पंजाब फिल्म इंडस्ट्री से उन्हें बहुत जलालत झेलने पड़ी थी और अब एक्ट्रेस ने बताया कि एक बार तो उन्हें उनकी ही एक फिल्म के प्रीमियर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

### मुझे प्रीमियर के लिए इनवाइट नहीं किया- शहनाज

सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक बातचीत में, शहनाज़ ने कहा, 'मैं फिल्म में सेकेंड लीड में थी और उन्होंने मुझे प्रीमियर के लिए इनवाइट नहीं किया. उन्होंने सभी को बुलाया, यहां तक कि प्रोडक्शन हाउस को भी. यह एक पंजाबी फिल्म थी. मैंने फिल्म देखी और जब मैं जा रही थी तो मैंने प्रीमियर के वीडियो और तस्वीरें देखीं. मैं उस दिन बहुत रोई. उन्होंने मुझे फोन किया और फिर उन्होंने कैंसल कर दिया. मुझे नहीं पता था, उस वक्त मैं बहुत परेशान थी. पंजाबी इंडस्ट्री ने मुझे पूरी तरह से अलग कर दिया था।



### जिसका कोई नहीं उसका भगवान है- शहनाज

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए शहनाज ने कहा, 'पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री ने उन्हें बिलकुल ही कट ऑफ कर दिया था। मगर जैसा कि कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता, उसका भगवान होता है, तो मेरा भगवान है'. शहनाज ने बताया कि आध्यातम में उनका यकीन है. अगर अंदर से ही मन शांत नहीं है, तो बाहर जितना ही हंसी मजाक कर लो, लेकिन यह सिर्फ दो दिन की बात होती है. आंतरिक शांति के लिए वह स्पिरिचुअल लीडर ब्रह्माकुमारी को फॉलो करती हैं. वहीं, लोगों से कनेक्ट करने की बात पर कहा कि कई बार लोगों को उनकी बातों का बुरा लग जाता है. वह जब बोलती हैं, तो बहुत बोलती हैं, नहीं तो चुप हैं तो शांत ही रहेंगी।

# दूसरे दिन भी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ रेल यातायात

## आज भी कई ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले



**कटनी, यशभारत।** कटनी-बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह दो मालगाड़ियों के बीच भीषण भिड़ंत के बाद इस रेलखंड पर रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है तथा रेल यातायात आज दूसरे दिन भी पूरी तरह से सामान्य नहीं हो पाया है। आज भी इस ट्रेन की कई यात्री गाड़ियां रद्द रही तो कई को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया। वहीं कुछ ट्रेनों को बीच रास्ते से शार्टटर्मिनेट किया गया है तो कुछ ट्रेनों को आज भी रद्द रखा गया है। रेल अधिकारियों ने आज शाम तक रेल यातायात पूरी तरह से सामान्य होने का दावा किया है। गौरतलब है कि कटनी-बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर रेलवे स्टेशन की तीसरी लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी हुई थी, जिसमें कोयला लोड था। उसीदौरान बिलासपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी रेड सिगनल को तोड़कर आगे बढ़ी और तीसरी लाइन पर खड़ी कोयला लोड मालगाड़ी के पीछे से टकरा गई। दुर्घटना में मालगाड़ी के कुल पांच इंजन क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिसके कारण इस रेलखंड पर गाड़ियों का आना-जाना प्रभावित हो गया है। लाइन क्लियर करने के लिए बिलासपुर व कटनी से मशीन बुलाई गई। जिनकी मदद से राहत व बचाव का कार्य कराया गया। रेलट्रैक पर आज दूसरे दिन भी सुधारकार्य जारी रहा। रेल अधिकारियों ने देरशाम तक रेलखंड पर यातायात बहाल होने की संभावना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना में एक इंजन के लोको पायलट राजेश प्रसाद गुप्ता की मौत भी हो गई है। रेलवे के द्वारा हादसे की जांच शुरू कर दी गयी है। फिलहाल रेल प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और निरीक्षण कर रहे हैं।

**सिंहपुर रेलवे स्टेशन में दो मालगाड़ियों की भीषण भिड़ंत के बाद बिगड़े हालात**

### ये ट्रेनें हुईं आंशिक रद्द

गाड़ी संख्या 08747 बिलासपुर-कटनी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 06618 चिरमिरी-कटनी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 04043 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन आंशिक निरस्त किया गया है।

### इन ट्रेनों के मार्ग बदले

गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है।

### निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

सिंहपुर रेल हादसे का निरीक्षण करने बिलासपुर रेल मंडल से अधिकारियों का दल, जीएम आलोक कुमार और डीआरएम प्रवीण पाण्डे करने के लिए घटना स्थल पर पहुंचे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बंद परिचालन शुरू करना हमारी पहली प्राथमिकता है। घायल चार कर्मचारियों का इलाज जारी है। रेलवे के अधिकारियों ने सिग्नल ओवरशूट को हादसे का कारण बताया है। फिलहाल मामले में जीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

## नर्मदा एक्सप्रेस सहित ये ट्रेनें की गई रद्द

दुर्घटना की वजह से इस रेलखंड की कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। बिलासपुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू, शहडोल से अम्बिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08749 शहडोल-अम्बिकापुर मेमू, अम्बिकापुर से अनूपपुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08758 अम्बिकापुर-अनूपपुर मेमू, अनूपपुर से मनेंद्रगढ़ के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08759 अनूपपुर-मनेंद्रगढ़ मेमू, शहडोल से बिलासपुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू, अम्बिकापुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18576 अम्बिकापुर-शहडोल, शहडोल से अम्बिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18755 शहडोल-अम्बिकापुर मेमू, बिलासपुर से इंदौर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया। वहीं मनेंद्रगढ़ से अम्बिकापुर के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08757 मनेंद्रगढ़-अम्बिकापुर मेमू, अम्बिकापुर से शहडोल के लिए चलने वाली ट्रेन नंबर 08750 अम्बिकापुर-शहडोल मेमू आज भी रद्द हैं। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 06617 कटनी-चिरमिरी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया गया।

### महिला सहित कई अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे पुलिस ने तलाब के पास बड़ी खिरहनी में किशन उर्फ कुसुम निषाद निवासी गाडाहार बडी खिरहनी के पास से 15.15 लीटर के 2 डिब्बों में 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 9000 रुपए जप्त की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। रंगनाथ नगर पुलिस ने भारत चौक गजनी के घर के पास नीलेश उर्फ डब्बू चौधरी को 16 पाव देशी शराब, जयहिंद चौक के पास से सुभाष पटेल को 16 पाव देशी शराब, रंगनाथ नगर पुलिस ने दीपक चौधरी के पास से 17 पाव देशी शराब, लक्ष्मी चौक के पास सुभाष पटेल के पास से 16 पाव देशी शराब, मुकेश उर्फ कच्ची शर्मा के पास से 16 पाव देशी शराब जप्त की है। इसी प्रकार बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम ककरेहटा में अज्जू और घनश्याम सिंह सेंगर के पास से 18 पाव शराब, बड़वारा पुलिस ने ग्राम पथवारी बस स्टैंड के पास फूलचंद यादव के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी शराब, ग्राम सुड्डी में रवि पटेल के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, बाकल पुलिस ने सिहुडी में गीताबाई रैदास के पास से 17 पाव प्लेन देशी शराब जप्त की है।

## पुलिस प्रताड़ना से दंपति के द्वारा विषपान करने का मामला

## बड़वारा थाना प्रभारी व सहायक उपनिरीक्षक लाइन अटैच



**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी के एक मामले में बड़वारा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से परेशान दंपत्ति के विषपान करने के मामले को पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने गंभीरता से लिया और मामले में हुए हंगामा व धरना प्रदर्शन के बाद बड़वारा थाना प्रभारी सहित एक सहायक उपनिरीक्षक को लाइन अटैच करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि बड़वारा के अंबेडकर चौक निवासी सुखीलाल चौधरी व पत्नी फगुनिया बाई ने आत्महत्या के इरादे से सल्फास खा लिया था। उपचार दौरान महिला की मौत हो गई थी। पति की हालत अभी भी खराब है। इस मामले को लेकर दो दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। मंगलवार व बुधवार को जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम गृह के बाहर परिजनों आदि ने विरोध प्रदर्शन किया तो वहीं बुधवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह टेकाम के साथ सैकड़ों ग्रामीण बड़वारा थाना तिराहा पहुंचे। मृतिका की अर्थी रखकर दोपहर एक बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक चक्काजाम प्रदर्शन किया। सड़क पर लाश रखकर प्रदर्शनकारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े रहे। इस दौरान पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग सहित मृतिका के परिवार में एक आदमी को सरकारी नौकरी, संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। 15 दिन में जांच कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी माने। उधर इस मामले को लेकर एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा व सहायक उपनिरीक्षक राजेश बागरी को तत्काल थाना से हटाते हुए लाइन अटैच किया है।

### रश्मि सोनकर बड़वारा की नई थाना प्रभारी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बड़वारा थाने की कमान झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रश्मि सोनकर को सौंपी है। रश्मि सोनकर ने आज ही बड़वारा पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### आम सूचना

मैं श्रीमती सुलेखा उर्फ रेखा परौहा पत्नि संतोष कुमार परौहा उम्र लगभग 53 वर्ष साकिन कृष्णा धाम अमकुही महाराणा प्रताप वार्ड की रहे वाली हूं, मेरा घरेलू नाम रेखा है तथा शासकीय रिकार्ड में सुलेखा परौहा है यह दोनों नाम मेरे ही हैं जिन्हें जाना जावे।

**श्रीमती रेखा उर्फ सुलेखा परौहा**

### पगड़ी रस्म



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री हरिराम हिंदुजा की धर्म पत्नी

**श्रीमती यशोदा देवी हिंदुजा**

का निधन हो गया है। उनकी पगड़ी रस्म दिनांक 21.04.2023 को शाम 5: 30 से 6 बजे के बीच कुंदन दास स्कूल शांति नगर, कटनी में संपन्न होगी।

**नोट:- महिलाओं की बैठक निज निवास 12 बंगले के पास रखी गई है**

:- शोकाकुल :-

सुरेश हिंदुजा, चेतन हिंदुजा, मुरली हिंदुजा, महेश हिंदुजा, विजय, संजय, दीपक, प्रिंस हिंदूजा, समस्त हिंदुजा परिवार एवं सिंधु नौजवान मंडल

**फर्म-हरिराम द्वारकादास, आदित्य इंडस्ट्रीज मो. 9826151592**

### आवश्यकता है

जिला कटनी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों में निम्न रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

| रिक्त पद | संख्या |
|---|---|
| शिशु वाटिका (महिला आचार्य) | 02 |
| प्राथमिक विभाग सभी विषय | 05 |
| हिन्दी शिक्षक | 02 |
| अंग्रेजी | 03 |
| गणित | 02 |
| विज्ञान | 01 |
| सामाजिक विज्ञान | 02 |
| संस्कृत | 04 |
| भौतिक | 02 |
| रसायन | 01 |
| संगीत शिक्षक | 01 |
| कम्प्यूटर शिक्षक | 01 |
| (पीसीडीसीए, टैली कोर्स टाइपिंग, अकाउंट्स) | 03 |
| वाहन चालक | 01 |

अर्हताएं शासन के नियमानुसार डी.एड. बी.एड. एवं अन्य प्रशिक्षण अनिवार्य है।

सम्पर्क:- सरस्वती शिशु मंदिर, नई बस्ती कटनी, दूरभाष-07622-409975, अंतिम तिथि 15.05.2023

(मधुसूदन बगड़िया) जिला सचिव सरस्वती शिक्षा परिषद, जिला-कटनी

!! श्री गणेशाय !! मो. 8369562213 7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेभ ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)

अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा
9 वॉट इन्वर्टर बल्व उपलब्ध है।
एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिग)
2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान
एलईडी हाउस
संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी
मो.9893009212


तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
तांडव तेल
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care: +91 7974979179

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316

हड्डीरोग एवं जोड़ो के दर्द का परामर्श
इस शुक्रवार को कटनी में
21 अप्रैल, शुक्रवार
एडवांस सीटी स्कैन सेंटर
समय :शाम 05 से 07 बजे तक
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करे : 9893723087,07622494511
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स
कूल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
डॉ. विकास सावला
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक
शैल्बी हॉस्पिटल
93019 70385

SGAT
Johnson Pedder
SETMAX CERAMIC
AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com




गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050



सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी मो. 8889696888

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)